दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 29 अक्टूबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 310 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज अंबाला का दौरा करेंगी, यहां वे राफेल में उड़ान भरेंगी



**नई दिल्ली:** द्रौपदी मुर्मू कल यानी 29 अक्टूबर 2025 को हरियाणा के अंबाला एयरफोर्स स्टेशन का दौरा करेंगी। यह दौरा इसलिए खास है क्योंकि राष्ट्रपति पहली बार भारत की सबसे आधुनिक राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगी। इस ऐतिहासिक उड़ान को भारतीय वायुसेना के लिए गर्व और देश की महिलाओं के लिए प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है।

इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर एयरबेस पर सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरी थी। अब दो साल बाद वह एक बार फिर फाइटर जेट की सीट संभालेंगी, इस बार राफेल की, जो भारत की रक्षा शक्ति का प्रतीक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस मौके पर एयर चीफ मार्शल और सीनियर अफसरों की मौजूदगी में पूरी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

**अंबाला एयरबेस पर तैयारियां पूरी :** अंबाला एयरफोर्स स्टेशन जो देश के सबसे रणनीतिक एयरबेस में से एक है, इस ऐतिहासिक क्षण के लिए तैयार है।

वायुसेना के अधिकारी और तकनीकी टीमें राफेल की सभी प्री-फ्लाइट जांच पूरी कर चुकी हैं। राष्ट्रपति के स्वागत के लिए एयरबेस को सजाया गया है और विशेष सुरक्षा घेरा बनाया गया है। इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति वायुसेना के अधिकारियों और पायलटों से भी मुलाकात करेंगी।




# हो जाएं सावधान! एक नवंबर से कटेंगे 24 घंटे चालान

## गाजियाबाद में अंतिम चरण में चल रहा है इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम की ओर से महत्वाकांक्षी योजना इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की दिशा में किया जा रहे कार्य कंपनी द्वारा अंतिम रूप में पहुंचा दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रैफिक सूत्रों से जानकारी मिली है की नगर निगम मुख्यालय में अलग-अलग 41 ट्रैफिक चौराहों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई ऑटोमेटिक ढंग से शुरू कर दी गई है। मंगलवार से लगभग तीन घंटे की टेस्टिंग पर पुलिस की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। तो वहीं ट्रैफिक और नगर निगम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि एक नवंबर को इस अत्याधुनिक प्रणाली का फाइनल टेस्ट होगा। जिसमें 24 घंटे के दौरान यातायात पुलिस जितने भी चौराहों पर नियम तोड़ने वाले लोग हैं, उनपर कार्रवाई करेंगे। साथ ही यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। जिसमं नियम तोड़ने वाले टारगेट पर रहेंगे।



### 88 करोड़ रुपए की है महत्वपूर्ण योजना

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम अब मेट्रोपॉलिटन सिटी में शामिल हो चुका है। ऐसे में यहां नगर निगम के सहयोग से इंटीग्रेटिड मैनेजमेंट ट्रैफिक सिस्टम परियोजना लागू की गई थी। जिसका सभी काम पूरा हो गया है,अब इसकी फाइनल टेस्टिंग शुरू हो गई है। उम्मीद की जा रही है कि 1 नवंबर से यह विधिवत रूप से काम करने लगेगी। बताया जा रहा है कि इस



परियोजना के तहत 41 प्रमुख चौराहों पर लगभग 55 करोड़ रुपए और कुल धनराशि इस परियोजना पर 88 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। जिसके तहत गाजियाबाद के ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को सुधारने के साथ ही अपराधियों एवं बदमाशों पर नकेल कसने का काम किया जाएगा।



### कैमरे से कटेगा चालान और अपराधियों की होगी पहचान





करंट क्राइम : आईटीएमएस से न केवल यातायात को व्यवस्थित किया जाएगा बल्कि इसके तहत लगने वाले आधुनिक कैमरे अपराधियों की पहचान भी करेंगे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि चार तरह के कैमरे आइटीएमएस के तहत लगाए जा रहे हैं। इनमें 50 फेस रिकोग्नाइजेशन कैमरे होंगे, जो बदमाशों की पहचान कर सकेंगे। इसके अलावा 250 व्हीकल डिटेक्शन कैमरे लगाए जाएंगे। 110 पैन टिल्ट जूम कैमरे, 115 आरएलवीडी कैमरे हैं। दुर्घटना के बाद भागने वाले वाहन और चालकों की पहचान भी इनसे हो सकेगी। उन्होंने बताया कि कार्यदायी कंपनी ने जरूरत के अनुसार जगह पर कैमरे लगाए हैं।

### नगर निगम के साथ यातायात कर्मी भी रहेंगे तैनात

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि यातायात कर्मी भी कंट्रोल रूम पर तैनात रहेंगे। इसके लिए पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था कर ली गई है। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए जल्द यह शुरू होगा।

# गाजियाबाद में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## जीडीए वीसी अतुल वत्स बने हाथरस के डीएम, नंदकिशोर कलाल नए जीडीए वीसी

### - ज्योति बनीं एडीएम प्रशासन, एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह का तबादला, रामपुर के बने सीडीओ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। कई ज़िलों में अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, जिनमें गाजियाबाद भी शामिल है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स का तबादला कर उन्हें हाथरस का जिलाधिकारी (डीएम) बनाया गया है।

वहीं, रामपुर के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नंदकिशोर कलाल को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का नया उपाध्यक्ष (वीसी) नियुक्त किया गया है। वहीं नियुक्ति विभाग के विशेष सचिव विजय कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासन ने जनहित में इन अधिकारियों के स्थानांतरण का निर्णय लिया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नंदकिशोर कलाल को उनके वर्तमान पद से स्थानांतरित करते हुए उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पद पर तैनात किया गया है।



नंदकिशोर कलाल वर्तमान वीसी



अतुल वत्स पूर्व वीसी

### एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह का भी हुआ तबादला



रणविजय सिंह

करंट क्राइम : इसके साथ ही, गाजियाबाद के एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह का भी तबादला कर उन्हें रामपुर का मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बनाया गया है। उनकी जगह सुश्री ज्योति को गाजियाबाद की नई एडीएम प्रशासन नियुक्त किया गया है। इन तबादलों के साथ गाजियाबाद के प्रशासनिक ढांचे में एक नई टीम सामने आई है। स्थानीय स्तर पर माना जा रहा है कि इन बदलावों से शहर के विकास कार्यों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा और तेजी देखने को मिलेगी।

### जीडीए वीसी ने शुरू की थीं कई योजनाएं

करंट क्राइम : जीडीए अध्यक्ष के रूप में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 170वीं बोर्ड बैठक में 18 प्रस्तावों को मंजूरी मिली थी। उनमें हरनंदीपुरम नई टाउनशिप, आधुनिक उत्सव भवन निर्माण, और जोनल व रोड सर्कुलेशन प्लान के लिए कंसल्टेंट नियुक्ति जैसे अहम प्रस्ताव शामिल थे। करीब दो दशक बाद जीडीए वीसी अतुल वत्स के प्रयासों से नई आवासीय योजना हरनंदीपुरम को मंजूरी मिली है। शासन स्तर पर प्रजेंटेशन के बाद इस योजना को अंतिम स्वीकृति प्राप्त हुई। भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जिसमें मथुरापुर, नंगला फिरोज, मोहनपुर, शमशेर, चम्पतनगर, भनेड़ा खुर्द, शाहपुर निज मोरटा, भोवापुर और मोरटा गांव शामिल हैं।

# गाजियाबाद की हवा अभी भी जहरीली, जिला ऑरेंज जोन में

## एयर क्वालिटी इंडेक्स 240 के पार

## आने वाले दिनों में बढ़ सकती है धुंध

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली-एनसीआर की तरह गाजियाबाद भी लगातार वायु प्रदूषण की चपेट में है। मंगलवार को यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स 240 दर्ज किया गया, जो ऑरेंज जोन की श्रेणी में आता है। हालांकि सोमवार की तुलना में यह स्तर थोड़ा कम रहा।



राहत की बात यह रही कि हवा की गति तेज रहने से प्रदूषण में हल्की गिरावट आई। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, जिससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंडी हवाओं और धुंध के कारण प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ सकता है। छठ पर्व के दौरान भी लोगों को बादलों के बीच से ही सूर्य देव के दर्शन करने पड़े। मौसम विभाग और प्रदूषण नियंत्रण अधिकारियों के अनुसार, अगले कुछ दिनों में धुंध (स्मॉग) वायु गुणवत्ता को और खराब करने का काम करेगी।



# दिल्ली में कृत्रिम बारिश की तैयारी, प्रदूषण कम करने के लिए कितनी कारगर है यह तकनीक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने से जुड़ी पूरी योजना क्या है? इसे कैसे और किस तकनीक के जरिए कराया जाएगा? यह तकनीक कितनी प्रभावी है और इसकी चुनौतियां क्या हैं? दुनिया के किन देशों में कृत्रिम बारिश कराई जा चुकी है और इसका नतीजा क्या रहा है? आइये जानते हैं...

भारत में पहली बार कृत्रिम बारिश कराए जाने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। दिल्ली में क्लाउड सीडिंग का पहला परीक्षण हो गया है। आज बुराड़ी और करोल बाग इलाके में कानपुर से आए विमान ने क्लाउड सीडिंग की। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि बुराड़ी और करोल बाग इलाकों सहित दिल्ली के कुछ हिस्सों में क्लाउड-सीडिंग का पहला परीक्षण किया गया है। अब बारिश का इंतजार किया जा रहा है।

दिल्ली में बीते कई साल से प्रदूषण का प्रकोप दर्ज किया जा रहा है। खासकर मानसून सीजन के खत्म होने और ठंड के मौसम के दौरान दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक काफी ऊपर रहा है। दिल्ली की हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 (पीएम यानी पर्टिकुलेट मैटर) कणों की संख्या 300-450 के बीच पहुंच चुकी है। यह दूषित हवा श्वास नली के जरिए लोगों के शरीर में घुसकर उन्हें बुरी तरह प्रभावित करता है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर दिल्ली में लोगों की सुरक्षा के लिए सरकार को ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू किया है। प्रदूषण को कम करने और लोगों को बचाने की इस योजना को प्रदूषण की गंभीरता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाता है।




दिल्ली में वायु प्रदूषण की इसी समस्या से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने की योजना बनाई गई। हालांकि, इसके बारे में पहली बार जिक्र आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के दौरान किया गया था। 2023 में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने केंद्र सरकार को एक चिट्ठी लिखकर मांग की थी कि क्षेत्र में कृत्रिम वर्षा कराने की अनुमति दी जाए। राय ने आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों और केंद्रीय एजेंसियो के अधिकारियों की एक बैठक भी बुलाने की मांग की थी।

इस पूरी प्रक्रिया में एक बाद गौर करने वाली यह भी है कि क्लाउड सीडिंग से बारिश पैदा नहीं की जाती, बल्कि बादलों की सक्रियता को बढ़ाया जाता है। इस सक्रियता को इस हद तक बढ़ाना होता है कि इसमें मौजूद बूंदें बड़ी हो जाएं और पृथ्वी पर बारिश हो। अगर यह बूंदें छोटी रह जाती हैं तो या तो बादल सक्रिय नहीं होगा या फिर बूंदें गिरने के दौरान ऊपरी वायुमंडल में ही भाप बनकर उड़ जाएंगी।

### दिल्ली में कृत्रिम वर्षा कराने की योजना क्या है?

दिल्ली में इस साल भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही प्रदूषण खत्म करने के लिए कृत्रिम वर्षा को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई थीं। खुद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इससे जुड़े एलान किए। पहले भी दिल्ली में कृत्रिम बारिश के ट्रायल पर चर्चाएं हुईं, हालांकि दिवाली के बाद लगातार खराब होती वायु गुणवत्ता के चलते कृत्रिम बारिश कराने का फैसला अब लिया गया।

### कृत्रिम बारिश के बारे में इसकी रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद जरूरी है।

जब असक्रिय बादलों पर केमिकल डाला जाता है तो वातावरण में मौजूद जलीय वाष्प (वॉटर वेपर्स) छोटे-छोटे कणों के आसपास जमा हो जाते हैं और बूंदों के तौर पर इकट्ठा होते हैं। यानी यह नमक के कण इन बूंदों के लिए एक अतिरिक्त न्यूक्लियस (केंद्र) का काम करते हैं।

इस न्यूक्लियस की खासियत यह होती है कि यह एक के बाद एक वाष्प को बूंदों के तौर पर अपने पास इकट्ठा कर लेता है। यह बूंदें जैसे-जैसे बढ़ती हैं और भारी होती हैं, वैसे ही इनका टकराव बढ़ता है। इसी कारण बादल सक्रिय होते हैं और बारिश होती है।

### दिल्ली में कैसे कराई जाएगी कृत्रिम वर्षा?

अधिकारियों के अनुसार, विमान ने कानपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी और केमिकल का छिड़काव किया। पिछले हफ्ते भी बुराड़ी के ऊपर एक परीक्षण उड़ान को अंजाम दिया गया था। परीक्षण के दौरान, कृत्रिम वर्षा कराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सिल्वर आयोडाइड और सोडियम क्लोराइड यौगिकों की थोड़ी मात्रा विमान से छोड़ी गई। हालांकि, क्लाउड सीडिंग के लिए आमतौर पर आवश्यक 50 प्रतिशत की तुलना में 20 प्रतिशत से भी कम वायुमंडलीय नमी के कारण, वर्षा नहीं हो सकी।

## बुराड़ी और करोल बाग में क्लाउड सीडिंग का हुआ सफल परीक्षण, अब बारिश का इंतजार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में क्लाउड सीडिंग का पहला परीक्षण हो गया है। आज बुराड़ी और करोल बाग इलाके में कानपुर से आए विमान ने क्लाउड सीडिंग की। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि बुराड़ी और करोल बाग इलाकों सहित दिल्ली के कुछ हिस्सों में क्लाउड-सीडिंग का पहला परीक्षण किया गया है। अब बारिश का इंतजार है।

आईआईटी कानपुर ने दिल्ली के ऊपर क्लाउड-सीडिंग को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, यह गलियारा लगभग 25 समुद्री मील लंबा और 4 समुद्री मील चौड़ा है, जिसमें सबसे बड़ी दूरी खेकड़ा और बुराड़ी के थोड़ा उत्तर के बीच तय की गई है। पहले दौर में जमीनी स्तर से लगभग 4,000 फीट की ऊंचाई पर छह फ्लेयर्स छोड़े गए, जिनकी जलने की अवधि 18.5 मिनट थी। दूसरी उड़ान ने दोपहर 3:55 बजे उड़ान भरी, जिनसे करीब 5000-6,000 फीट की ऊंचाई पर आठ फ्लेयर छोड़े।

अधिकारियों के अनुसार, विमान ने कानपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी और यह परीक्षण किया। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने के उद्देश्य से यह परीक्षण किया गया है। सर्दियों के महीनों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को कम करने की दिल्ली सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

सरकार ने पिछले हफ्ते बुराड़ी के ऊपर एक परीक्षण उड़ान भरी थी। परीक्षण के दौरान, कृत्रिम वर्षा कराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सिल्वर आयोडाइड और सोडियम क्लोराइड यौगिकों की थोड़ी मात्रा विमान से छोड़ी गई। हालांकि, क्लाउड सीडिंग के लिए आमतौर पर आवश्यक 50 प्रतिशत की तुलना में 20 प्रतिशत से भी कम वायुमंडलीय नमी के कारण, वर्षा नहीं हो सकी।


सांकेतिक फोटो

### 15 मिनट से चार घंटे के भीतर दिल्ली में बारिश: सिरसा

पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने ट्रायल को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि आठ अग्नि फ्लेयर्स छोड़े गए। दिल्ली के आसमान में परीक्षण आधे घंटे तक चला। आगे कहा कि आईआईटी-कानपुर का कहना है कि क्लाउड-सीडिंग परीक्षण के 15 मिनट से चार घंटे के भीतर बारिश हो सकती है। दूसरा परीक्षण आज बाद में बाहरी दिल्ली में किया जाएगा। अगले कुछ दिनों में 9-10 परीक्षणों की योजना है। पहले बुराड़ी में टेस्ट उड़ान हुई थी। उसमें चांदी का आयोडाइड और नमक छोड़ा गया, लेकिन हवा में नमी सिर्फ 20 फीसदी थी इसलिए बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि 28 से 30 अक्तूबर तक बादल अच्छे रह सकते हैं। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि अगर मौसम ठीक रहा तो 29 अक्तूबर को दिल्ली में पहली कृत्रिम बारिश हो सकती है।

**प्रदूषण पर अप्रत्यक्ष प्रभाव**

क्लाउड सीडिंग सीधे तौर पर प्रदूषण फैलाने वाले कणों को हटाती नहीं है, लेकिन वर्षा के माध्यम से यह हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में योगदान दे सकती है। जब वर्षा होती है, तो हवा में निलंबित धूल, पराग कण और अन्य प्रदूषक कण पानी की बूंदों के साथ मिलकर नीचे गिर जाते हैं। इस प्रकार, वर्षा हवा को स्वच्छ करने का कार्य करती है। यह विशेष रूप से उन शहरों या औद्योगिक क्षेत्रों के लिए फायदेमंद हो सकता है जहाँ वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या है।

क्लाउड सीडिंग क्या है

क्लाउड सीडिंग, जिसे कृत्रिम वर्षा के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसी वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य बादलों में विशेष रसायनों का छिड़काव करके वर्षा कराना है। यह तकनीक उन क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जहाँ प्राकृतिक रूप से वर्षा की मात्रा कम होती है। क्लाउड सीडिंग का सीधा संबंध प्रदूषण को कम करने से नहीं है, बल्कि यह अप्रत्यक्ष रूप से वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायक हो सकती है।

क्लाउड सीडिंग कैसे होती है

क्लाउड सीडिंग की प्रक्रिया में, बादलों में सिल्वर आयोडाइड, पोटेशियम आयोडाइड या शुष्क बर्फ (ठोस कार्बन डाइऑक्साइड) जैसे रसायनों का छिड़काव किया जाता है। ये रसायन बादलों में मौजूद जलवाष्प को आकर्षित करते हैं, जिससे वे पानी की बूंदों या बर्फ के क्रिस्टल में बदल जाते हैं। जब ये बूंदें या क्रिस्टल पर्याप्त भारी हो जाते हैं, तो वे वर्षा के रूप में पृथ्वी पर गिरते हैं। इस प्रक्रिया के लिए उपयुक्त प्रकार के बादल और वायुमंडलीय परिस्थितियाँ अत्यंत आवश्यक हैं।

### क्लाउड सीडिंग से पहले पर्यावरण मंत्री का बयान

उड़ान भरने से पहले पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा था कि कानपुर से खास विमान आते ही यह काम शुरू हो जाएगा। अभी कानपुर में धुंध के कारण दृश्यता 2,000 मीटर है, जैसे ही 5,000 मीटर हो जाएगी, विमान उड़कर दिल्ली आएगा। सिरसा ने कहा था कि विमान आते ही आज परीक्षण हो जाएगा। मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आईटीओ घाट पर उगते सूरज को अर्घ्य दिया था। उनके साथ मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और रविंदर इंद्राज भी थे। सिरसा ने कहा था कि छठ पूजा बहुत धूमधाम से मनाई गई। बीते दिन मुख्यमंत्री ने डूबते सूर्य को प्रणाम किया, आज उगते सूर्य से दिल्ली की तरक्की की दुआ मांगी। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि आप वाले तीन दिन से नकारात्मक बातें फैला रहे हैं। उन्हें त्योहार में शामिल होना चाहिए था। छठी मइया उन्हें सद्बुद्धि दें। क्लाउड सीडिंग का मकसद यह परीक्षण दिल्ली की गंदी हवा साफ करने के लिए किया जा रहा है।

# दिल्ली नगर निगम की 12 सीटों पर 30 नंवबर को होंगे उपचुनाव, 3 दिसंबर को आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की 12 वार्डों में होने वाले उपचुनाव के लिए तारीख का एलान हो गया है। दिल्ली चुनाव आयोग ने मंगलवार को 12 नगर पार्षदों के रिक्त पदों को भरने के लिए एमसीडी उपचुनाव की तिथि घोषित कर अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत सभी 12 वार्डों पर 30 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 3 दिसंबर को होगी और इसी दिन नतीजे आएंगे।




दिल्ली चुनाव आयोग के मुताबिक, नामांकन प्रक्रिया तीन नवंबर से शुरू होगी और दाखिल करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर होगी। इसके अलावा नामांकन पत्रों की जांच 12 नवंबर को होगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 15 नवंबर होगी। 30 नवंबर को सुबह 7.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक मतदान होगा।

### कहां-कहां होगा उपचुनाव?

मुंडका, शालीमार बाग-बी, अशोक विहार, चांदनी चौक, चांदनी महल, द्वारका-बी, दिचाऊं कलां, नारायणा, संगम विहार-ए, दक्षिण पुरी, ग्रेटर कैलाश और विनोद नगर वार्ड में एमसीडी के उपचुनाव होंगे।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पहले पार्षद के रूप में शालीमार बाग-बी वार्ड का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वहीं, द्वारका-बी वार्ड भाजपा पार्षद कमलजीत सहरावत के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से निर्वाचित होने के बाद खाली हुआ था। इसके अलावा बाकी वार्ड बीजेपी और आप के मौजूदा पार्षदों द्वारा फरवरी में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने और विधायक बनने के बाद खाली हुए थे।

# महागठबंधन का साझा घोषणा पत्र जारी, 'तेजस्वी प्रण' रखा गया नाम

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन का चुनाव घोषणापत्र बिहार को देश का नंबर वन राज्य बनाने का विजन डॉक्यूमेंट है। हमारे पास राज्य के विकास के लिए एक विजन और उसका रोडमैप है। बिहार को नंबर वन राज्य बनाने का हमलोगों ने प्रण लिया है।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन (इंडिया गठबंधन) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। महागठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरा घोषित हुए तेजस्वी यादव ने सभी घटक दलों के प्रमुख नेताओं के साथ इसे जारी किया। इसे 'तेजस्वी का प्रण पत्र' भी कहा गया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों के लिए खास दिन है। हमलोगों को बिहार को बनाने का काम करना है। हमलोगों ने आपके सामने संकल्प पत्र रखा है। हमलोगों का प्रण है कि बिहार को नंबर वन कैसे बनाएं। यह दलों और दिलों का प्रण पत्र है। अगर हमें अपने प्राण देकर भी इसे पूरा करना पड़े तो इसे पूरा करेंगे। जब भी कोई बिहारी कुछ ठान लेता है तो इसे पूरा करता है।




### सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लाई जाएगी

वहीं भाकपा माले के वरिष्ठ नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि इस संकल्प पत्र में मंडी व्यवस्था को चालू करने की बात है। सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लाई जाएगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर खूब ध्यान दिया गया है। सरकार बनने के बाद बुजुर्गो का पेंशन 3000 कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में जो भी वादा किया गया है, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने कहा कि सबसे पहले महागठबंधन ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। हम केवल घोषणा ही नहीं बल्कि हमारी प्रतिज्ञा पत्र भी है। महागठबंधन की सरकार बनते ही हमलोग इसे लागू करेंगे।

### आज के घोषणा पत्र में नए बिहार का रोडमैप है

इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के प्रमुख आईपी गुप्ता ने कहा कि अब बिहार बदलने वाला है। आज के घोषणा पत्र में नए बिहार का रोडमैप है। एक नया विजन है। महागठबंधन की सरकार बनने के 20 दिन के अंदर एक प्रतिज्ञा पूरी की जाएगी। वहीं सीपीआई एम के नेता अवधेश कुमार ने कहा कि 20 साल में नीतीश सरकार ने बिहार को ठगने का काम किया। बिहार में गरीबी, अपराध, महंगाई चरम पर है। दलितों के साथ अत्याचार है। ऐसी परिस्थिति में जनता ने बदलाव का मूड बना लिया है। अब बिहार बदलेगा।

### बजट की चिंता मत कीजिए, हर परिवार में नौकरी देंगे

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की जनता भ्रष्टाचारी सरकार को हटाकर रहेगी। आप सरकारी दफ्तर जाइए, वहां बिना पैसा का कोई काम नहीं होता है। अब विभाग मंत्री नहीं सचिव चला रहे हैं। आज के घोषणा पत्र में जितनी बातें कहीं गई हैं, वह सब लागू की जाएगी। वहीं रोजगार के लिए बजट कहां से लाएंगे? इस सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग झूठे वादे नहीं करेंगे। एक-एक बातों पर एक्सपर्ट से चर्चा की गई है। काफी मंथन के बाद हमलोगों ने यह घोषणा पत्र लाया है। 2020 में भी लोग बोलते थे कि कहां से पैसा लाएगा? लेकिन, हमलोगों ने कर के दिखा दिया। 17 महीने में अपने वादे पूरे किए। अब फिर से कह रहे हैं एक एक परिवार को नौकरी देंगे। आपलोग बजट की चिंता मत कीजिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि 14 नवंबर को आने वाली सरकार, आप सभी के लिए बिहार में ही रोजी-रोजगार का प्रबंध करेगी। बिहार का कोई भी बेटी बेटा मजबूरी में अपने पिता अपनी माता को छोड़ कर बाहर जाने को विवश ना हो यही प्रार्थना और संकल्प करते हैं। हमलोग बिहार की धरती को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

### यह संकल्प पत्र एक नए बिहार की नींव रखेगा

वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि हमलोगों ने एक संकल्प पत्र रखा है। बिहार में पांच साल हमलोगों को जनता के बीच रहना है। यह संकल्प पत्र एक नए बिहार की नींव रखेगा। आप दूसरी तरफ देखेंगे तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का कोई संकल्प पत्र ही नहीं है। इतनी कमियों के बावजूद उन्हें लगता कि बिहार बहुत खुशहाल है। इसलिए वह अपना घोषणा पत्र जारी नहीं कर रहे। लेकिन, अब जनता बदलाव चाहती है। इसलिए महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

# प्रदेश में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों के तबादले, 46 नौकरशाह इधर से उधर



**लखनऊ।** यूपी में 46 अफसरों का तबादला किया गया है। इसमें आईएएस कृतिका ज्योत्सना को बस्ती का डीएम, वाराणसी के सीडीओ हिमांशु नागपाल को वाराणसी का नगर आयुक्त बनाया गया है। वाराणसी की एडीएम वंदिता श्रीवास्तव को कुशीनगर का सीडीओ बनाया गया है। रामपुर के सीडीओ नंद किशोर कलाल को गाजियाबाद का उपाध्यक्ष बनाया गया है। मिजार्पुर के आईएएस बाल कृष्ण त्रिपाठी को सचिवालय सामान्य प्रशासन बनाया गया है। उनकी जगह राजेश कुमार की नियुक्ति की गई है।सीतापुर के जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को विशेष सचिव आबकारी बनाया गया है। वहीं, सिद्धार्थ नगर के डीएम राजा गणपति आर को डीएम सीतापुर बनाया गया है। कौशांबी और बलरामपुर के भी जिलाधिकारी बदल गए हैं। दूसरी ओर राजेश कुमार को मिजार्पुर का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। अन्य तबादलों में प्रखर सिंह को वाराणसी का मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बनाया गया है।

## प्रदेश में सरकारी नौकरियों के लिए अब यूपीएससी के समान एकीकृत परीक्षा प्रणाली लागू होगी, सीएम की घोषणा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को राज्य के युवाओं और कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने घोषणा की कि अब मध्यप्रदेश में सभी सरकारी भर्तियों के लिए एक समान परीक्षा प्रणाली लागू की जाएगी। यह परीक्षा यूपीएससी (वढरउ) की तर्ज पर होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी अलग-अलग विभागों में भर्ती परीक्षाएं होने से न केवल समय अधिक लगता है, बल्कि रोजगार मिलने में भी देरी होती है। अब एकीकृत परीक्षा प्रणाली से युवाओं को अवसर तेजी से मिल सकेंगे। डॉ. यादव राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य कर्मचारी संघ के दीपावली मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न मांगों पर भी गंभीरता से काम किया जा रहा है।

### तीन साल में पूरी होंगी पुलिस भर्तियां

सीएम ने बताया कि पुलिस विभाग में 20 हजार से अधिक रिक्त पद हैं, जिन्हें अगले तीन वर्षों में भरने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विभिन्न संवर्गों में वेतन विसंगतियों और ग्रेड पे में अंतर को दूर करने के लिए एक कर्मचारी आयोग का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी करेंगे।

# प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बोले-कांग्रेस की बढ़ती ताकत का संदेश पहुंचेगा बिहार, दिखेगा बदलाव



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस की ताकत बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वाराणसी में पीएम मोदी ने वोट चोरी कर चुनाव जीता है।

सीतापुर शहर के राजा कॉलेज मैदान में मंगलवार को कांग्रेस की संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बारिश में कार्यकर्ता आए हैं, यह कांग्रेस की बढ़ती ताकत का संकेत है। सीतापुर में कांग्रेस की बढ़ती ताकत का यह संदेश बिहार से होकर दिल्ली तक जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारे साथ राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय हैं। यह बिहार चुनाव के प्रभारी भी हैं। बिहार में बदलाव आने वाला है। आज पूरे देश में यह संदेश जा रहा है। हमने वाराणसी में यह संदेश देना शुरू किया था कि सारे उद्योग, सारी फैक्टरियां गुजरात जा रही हैं। बड़े बड़े कारखाने उत्तर प्रदेश को नहीं मिले। जबकि प्रधानमंत्री मोदी यहां से सांसद हैं। इस बार उन्होंने वोटों की चोरी कर चुनाव जीता है। इस बार वह सही मायने में जीत कर लोकसभा नहीं गए।

### प्रधानमंत्री के रील बनाने वाले वक्तव्य पर कसा तंज

अजय राय ने कहा कि बिहार में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा उनकी वजह से रील बना रहे हैं। मोबाइल पर नौजवान रील देख रहे हैं। वहां उद्योग नहीं जा रहा है। बिहार यूपी के लोगों को रील बनाने की बात कही जा रही है। अब इस बार बिहार ऐसे लोगों को जवाब देने जा रहा है।

# 'मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ' बयान पर बिफरीं मायावती पूर्व भाजपा विधायक ने दिया था ये विवादित बयान

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज से पूर्व भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के विवादित बयान 'मुस्लिम लड़की लाओ, शादी करो, नौकरी पाओ' पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।



बसपा सुप्रीमो ने मंगलवार को जारी अपने बयान में कहा कि ॠमुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ', के संकीर्ण व घृणित बयान के साथ यूपी व उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों में भी धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और ना जाने क्या-क्या नफरती नाम दिए जा रहे हैं। कानून को अपने हाथ में लेकर सांप्रदायिक व जातिवादी द्वेष, वैमनस्य, अशांति, अराजकता एवं लोगों के जान-माल व मजहब पर खतरा बन जाने का शरारती तत्वों का यह विषैला हिंसात्मक खेल निंदनीय है। ऐसे आपराधिक, अराजक व असामाजिक तत्व सभ्य व संवैधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा हैं।

इन्हें शह व संरक्षण देने के बजाय सरकारें राज्य की करोड़ों जनता के हित व कल्याण को ध्यान में रखते हुए कानून का राज स्थापित करना सुनिश्चित करें। जनता और देश के हित में ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें। मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ, के ताजा संकीर्ण व घृणित बयान के साथ-साथ यूपी व उत्तराखण्ड सहित अन्य और राज्यों में भी धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और ना जाने क्या-क्या नफरती नाम देकर तथा उसके विरुद्ध कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, वैमनस्य, अशान्ति, अराजकताङ्ग

### मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन की बैठक आज

बसपा सुप्रीमो बुधवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन और एसआईआर को लेकर बैठक करेंगी। इस विशेष बैठक के दौरान वह पार्टी पदाधिकारियों को संगठन में मुस्लिमों की भागीदारी बढ़ाने के बारे में दिशा-निर्देश देंगी। साथ ही एसआईआर के बारे में पार्टी के रुख से अवगत कराएंगी।

# स्कूल बंद, ट्रेनें-फ्लाइट्स कैंसिल... आंध्रप्रदेश से ओडिशा तक हाई अलर्ट

**नई दिल्ली।** चक्रवाती तूफान 'मोंथा' तेजी से आंध्र प्रदेश की तटों की ओर आगे बढ़ रहा है। मंगलवार शाम को मछलीपट्टनम और कालिंगपट्टनम के बीच काकिनाड़ा के नजदीक ये तूफान समुद्री तटों से टकराएगा।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सुबह 9:30 बजे अपडेट में बताया कि पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर मौजूद मोंथा पिछले छह घंटों में 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में चला और गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है।

हवा का झोंका 110 किमी प्रति घंटा होगा

यह उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में चलता रहेगा और मंगलवार शाम-रात में आंध्र तट पार करेगा। हवा की गति 90-100 किमी प्रति घंटे रहेगी और इसके झोंके 110 किमी तक पहुंच सकते हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से फोन पर बात की और हर संभव मदद का भरोसा दिया है।





### एनडीआरएफ की तैनाती

सरकार ने पांच राज्यों आंध्र, ओडिशा, पुडुचेरी, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ में 22 एनडीआरएफ टीमें तैनात की हैं। दक्षिण मध्य रेलवे और पूर्वी तट रेलवे ने अगले दो दिनों के लिए 100 से ज्यादा ट्रेनें रद कर दी हैं। इसके अलावा स्कूलों को भी बंद करने का निर्देश जारी किया गया है। सभी निचले इलाकों से लोगों को निकाला जा रहा है। वहीं फ्लाइट पर भी मोंथा चक्रवात का असर पड़ा है। इस वजह से एहतियातन कई फ्लाइट्स रद कर दी गई हैं।

**चक्रवाती तूफान 'मोंथा' आंध्र प्रदेश के तटों की ओर बढ़ रहा है, जिसके चलते कई राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, तूफान के कारण भारी बारिश और तेज हवाएं चलने की आशंका है। सरकार ने एनडीआरएफ की टीमें तैनात की हैं और निचले इलाकों से लोगों को निकालने का काम जारी है।**

### आंध्र प्रदेश को सबसे ज्यादा खतरा

आईएमडी के महानिदेशक डॉ. एम मोहापात्रा ने कहा कि तट से टकराने के बाद मोंथा की रफ्तार थोड़ी कम होगी और यह ओडिशा की ओर बढ़ेगा। आंध्र सबसे ज्यादा प्रभावित होगा, फिर ओडिशा और उसके बाद छत्तीसगढ़ में दाखिल होगा। मौसम वि 28 से 30 अक्टूबर तक आंध्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में भारी बारिश जारी रहेगी।

### लोगों को घर में रहने की सलाह

तटीय इलाकों के लोगों को राहत शिविरों में भेजा जा रहा है। समुद्र उग्र हो गया है, ऊंची लहरें आने की आशंका है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई। सभी बीच पर्यटकों के लिए बंद कर दिए गए हैं।

ओडिशा सरकार ने संवेदनशील इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाला है। आठ दक्षिणी जिलों में 'रेड अलर्ट' है, वहां हल्की बारिश शुरू हो गई। सभी जिले अलर्ट पर हैं, अगर तूफान का रास्ता बदला तो तुरंत कार्रवाई होगी।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा सांसद अतुल गर्ग हैं हमारी छतरी

## कहा, शहर विधायक संजीव शर्मा की बात से हूं शत-प्रतिशत सहमत







**सुनील शर्मा (कैबिनेट मंत्री) :** प्रत्येक जनप्रतिनिधि चाहे वो सांसद हो, मेयर हो या विधायक हो सभी को जनता ने चुना है और वो क्षेत्र की जनता के प्रति जिम्मेदार हैं। मेरा विभाग तो वैसे भी आईटी है, लेकिन मैं फिर भी शहर विधायक संजीव शर्मा की बात से सहमत हूं।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कुछ तो राजनीति में चल रहा है और ये ऐसा चल रहा है कि शब्दों के जरिये बाहर निकल रहा है। उस पास वाले भी इस पार वालों की तारीफ कर रहे हैं और इस पार वाले भी उस पार वालों की शान में कसीदे पढ़ रहे हैं। एक बार फिर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हमारे नेता हैं और सही बात तो ये है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हमारी छतरी हैं। इसके बाद उन्होंने कहा कि वो हम सब स्थानीय विधायकों की छतरी हैं, वो हमारे माननीय सांसद हैं। हम उनके नेतृत्व में किसी भी विषय पर रणनीति बनाते हैं, सहमति बनाते हैं। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शहर विधायक संजीव शर्मा के कथन पर अक्षर सहमति जताई।

गौरतलब है कि शहर विधायक संजीव शर्मा ने हाउस टैक्स मुद्दे पर ये कहा था कि यह राज्य सरकार का मामला है और तकनीकि रूप से पहले हम इसे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के सामने लायेंगे। वह इस बात को सरकार तक ले जायेंगे। सांसद अतुल गर्ग को हम तब बताते जब ये मामला केन्द्र सरकार का होता। इस बात पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि शहर विधायक संजीव शर्मा की बात से मैं पूरी तरह सहमत हूं। उन्होंने कहाकि हालाकि प्रत्येक जनप्रतिनिधि चाहे वो सांसद हो, मेयर हो या विधायक हो सभी को जनता ने चुना है और वो क्षेत्र की जनता के प्रति जिम्मेदार हैं। मेरा विभाग तो वैसे भी आईटी है, लेकिन मैं फिर भी शहर विधायक संजीव शर्मा की बात से सहमत हूं। उनके अभिमत से सहमत हूं। शहर विधायक संजीव शर्मा ने ठीक कहा है और हम बात को विधायक दल की ओर से कैबिनेट मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होगी रन फॉर यूनिटी : मयंक गोयल

### - युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढा के नेतृत्व में आयोजित होगा ये कार्यक्रम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर भाजपा युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए दौड़ का कार्यक्रम आयोजित कर रही है। रन फॉर यूनिटी के नाम से यह कार्यक्रम आयोजित होगा और इस कार्यक्रम की कमान भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा को दी गयी है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने ये जानकारी देते हुए कहा कि 31 अक्टूबर को इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। रन फॉर यूनिटी मोहन नगर से शुरू होगी और इसका समापन शहीद स्थल पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा इस कार्यक्रम को बड़े स्तर पर आयोजित कर रही है। नोएडा विधायक पंकज सिंह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वह इस रेस का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर करेंगे। भाजपा के युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा रन फॉर यनिटी कार्यक्रम के संयोजक बनाये गये हैं। उनके साथ नवनीत मित्तल को भी कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गयी है। भाजपा संगठन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।



# मेयर को नहीं मिला राष्ट्रपति वाले मंच पर स्थान तो पार्षद हुए हैरान

### प्रवीण चौधरी ने कहा, प्रथम नागरिक हैं मेयर उनका होना चाहिए था सम्मान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेडिसिटी वाले मंच का पंच ही कुछ अलग रहा। देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस मंच पर थीं। मंच पर चेहरों को लेकर एक पंच रहा और मंच के बाद लंच का भी चर्चा रहा। यहां सबसे बड़ा चर्चा इस बात का था कि कौन सा जनप्रतिनिधि किस प्रोटोकॉल से बैठेगा ये तय करना अधिकारियों का काम था। प्रोटोकॉल को जनने वाले और उसके हिसाब से कुर्सियों की कतार तय करने वाले अधिकारी शायद किसी रफ्तार में जनप्रतिनिधियों का प्रोटोकॉल भूल गये। उन्हीं को तय करना था कि प्रथम पंक्ति में कौन बैठेगा और द्वितीय पंक्ति में प्रोटोकॉल के हिसाब से किसका स्थान होगा। ये एक चूक है कि जिन सांसद को प्रथम पंक्ति में होना था, जिन मंत्री को प्रथम पंक्ति में होना था वो सांसद को चौथी पंक्ति में बैठाया गया। विधायकों और मंत्रियों का यही हाल रहा। लेकिन यहां पर जो चर्चा है वो ये है कि जब राष्ट्र की प्रथम नागरिक द्रोपदी मुर्मू आयीं तो शहर की प्रथम नागरिक मेयर की प्रोटोकॉल की केयर किसी ने नहीं की। मेयर शहर की प्रथम नागरिक हैं, महिला हैं और जब राष्ट्र की प्रथम नागरिक उनके शहर में आयीं तो हैरानी ये थी कि शहर की प्रथम नागरिक यानी मेयर की चेयर ही ना मंच पर थी और ना सामने वाली कतार में थी। मेयर के सम्मान को लेकर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष और राजनगर क्षेत्र के भाजपा पार्षद परवीन चौधरी ने ऑब्जैक्शन उठाया। उनका कहना है कि यह महापौर का अपमान है क्योंकि महापौर निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं और वो नगर निगम के 100 पार्षदों का प्रतिनिधित्व करती हैं। मेयर का दर्जा प्रथम नागरिक का होता है।

ऐसे में कार्यक्रम को देख रहे अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी को समझना था। परवीन चौधरी ने कहा कि मेयर को मंच पर स्थान मिलना चाहिए था। मेयर को मंच पर स्थान ना मिलने और यथोच्चित सम्मान ना मिलने की मैं घोर निंदा करता हूं।

# क्या पूर्व सांसद के मन में कोई चुनावी ख्याल आया है

## अपने बर्थडे पर उन्होंने पूरे क्षेत्र को होर्डिंग से सजाकर सबको बुलाया है




गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनीति में अगर नेता की एक्टिविटी बढ़ रही है और पब्लिक के बीच उसकी कनैक्टिविटी बढ़ रही है तो फिर ये माना जाता है कि कहानी चुनावी मामले की तरफ बढ़ रही है।

पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल कुछ समय पहले ही पूर्व हुए हैं। लेकिन उन्होंने राज्य सभा सांसद रहते हुए भी अभूतपूर्व पारी खेली। वो लगातार जनता के टच में रहे। राज्यसभा सांसद रहते हुए उन्होंने हर विधानसभा में अपने प्रतिनिधि बनाये।

रेलवे सलाहकार समिति के सारे सदस्य उन्हीं के चेहरे हैं। अनिल अग्रवाल की ये खूबी है कि वो राजनीति में एक कुशल खिलाड़ी की तरह खेलते हैं। लोकसभा में वैश्य दावेदारी का मोर्चा सबसे पहले उन्होंने ही खोला था। पूर्व होने के बाद भी वो लगातार एक्टिव रहते हैं। उनके घर पर भाजपा के बड़े चेहरों की आमद उनके सियासी कद को बताती है। बीते दिनों उनके कॉलेज में एमएलसी वाली बैठक भी हुई थी। इस बैठक के भी सियासी अर्थ निकाले जा रहे हैं। एक बार फिर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल चर्चाओं मे हैं। उसका कारण उनका आने वाला जन्मदिन है। जन्मदिन से पहले ही उन्होंने इस विधानसभा से लेकर उस विधानसभ तक अपने होर्डिंग लगवाये हैं। विधानसभाओं की दूरी को खत्म करके ये होर्डिंग कहीं इस बात के संदेश तो नहीं हैं कि विधान परिषद वाला संदेश दिया जा रहा है। कहने वाले इसी बात को कह रहे हैं कि जन्मदिन तो पहले भी आये हैं लेकिन ये जन्मदिन कुछ खास लग रहा है। जन्मदिल के होर्डिंग दिखाई दे रहे हैं। बड़ी बात ये है कि वो जन्मदिन को अपने आवास पर ही मनायेंगे और इसके लिए उन्होंने सभी को निमंत्रण भी दिया है। विधान परिषद के माहौल में जन्मदिन की ये तैयारी एक संदेश दे रही है।

# साहिबाबाद में नोएडा विधायक पंकज सिंह के चीफ गेस्ट बनकर आने के क्या हैं मायने

## चुनावी समीकरण से जोड़कर बुने जा रहे हैं इस बात के ताने-बाने

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में आने वाला साल चुनावी साल होगा। चुनाव की बिसात बिछ जायेगी और चुनाव के समीकरण तय होंगे। किसे कहां से लड़ना है ये सब कुछ अगले साल तय हो जायेगा क्योंकि उससे अगले साल तो चुनाव ही हो जायेगा। विधानसभा चुनावों से पहले विधायकों की कदमताल बतायेगी कि चुनाव का ऊंट किस करवट बैठेगा। चुनाव माहौल में हर बात के पॉलिटिकल अर्थ होते हैं। देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद में सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में पड़ौसी जिले नोएडा के भाजपा विधायक पंकज सिंह को मुख्य अतिथि बनाया गया। राजनीति में मुख्य अतिथि से भी काफी कुछ मतलब निकलता और और जब पंकज सिंह साहिबाबाद में कार्यक्रम के चीफ गेस्ट बनकर आ रहे हैं तो इसके



सियासी मायने तलाशे जा रहे हैं। इसकी वजह भी बतायी जाती है कि एक तो साहिबाबाद में ठाकुर समीकरण की चर्चा अचानक से उठने लगी है। दूसरी बात ये है कि वर्ष 2017 में इस सीट से पंकज सिंह का नाम बेहद मजबूती से चला था।

### देश को सबसे बड़ी जीत दिलाकर कैबिनेट मंत्री बने हैं सुनील शर्मा

राजनीति में समीकरण कहीं से भी बन सकते हैं। मगर जिस सीट पर चर्चा चल रही है उस सीट को लेकर चुनावी पर्चा ये बताता है कि यहां से मौजूदा विधायक सुनील शर्मा ने पूरे देश में सबसे बड़ी जीत हासिल की है। वो देश की सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे ज्यादा वोटों से जीतने वाले विधायक हैं। लगातार दूसरी बात जीत हांसिल की है और मौजूदा समय में वो कैबिनेट मंत्री हैं। साहिबाबाद की राजनीति के बड़े खिलाड़ी माने जाते हैं। ऐसे में वो अपने सियासी ट्रैक पर पूरी तरह से मजबूत हैं और हो सकता है कि यहां से पार्टी पंकज सिंह को मुख्य अतिथि बनाकर सामान्य रूप से कार्यकर्ताओं को जोड़ रही है।

मुकाबला रोचक रहा था और इसके बाद अंत समय में पंकज सिंह का नाम नोएडा से घोषित किया गया। वो लगातार दूसरी बार नोएडा से विधायक हैं। मगर जब पड़ोस के विधायक को मुख्य अतिथि बनाया जाये और इसी सीट से मौजूदा विधायक और कैबिनेट मंत्री को हरी झंडी के लिए भी ना बुलाया जाये तो फिर चर्चा होनी स्वभाविक है।

पंकज सिंह राजनीति के बड़े चेहरे हैं। मौजूदा समय में वो प्रदेश टीम में हैं। लेकिन अगर वो नोएडा से मुख्य अतिथि बनकर यहां आ रहे हैं तो फिर सियासी चर्चा चलेगी ही।

# ट्रांस हिंडन के बाद अब सिटी के थानों की बदलेगी तस्वीर

## कवि नगर, सिहानी गेट और क्राइम ब्रांच का कैंपस आएगा अलग सा नजर

### - पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य और फिटनेस का भी रखा जाएगा ध्यान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साहिबाबाद थाना जहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सबसे हाईटेक थाने के रूप में विकसित किया गया है। तो वहीं देहात जोन के मसूरी थाने को भी सजाया और संवारा गया है। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद का कार्यालय अब जगमग हो चुका है। तो उसी की तर्ज पर अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले थाना कवि नगर, सिहानी गेट, क्राइम ब्रांच और महिला थाने परिसर की तस्वीर बदलने जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जहां महिला थाना, एसीपी क्राइम, एडीसीपी क्राइम, एसीपी महिला अपराध, एसीपी एलआईयू कार्यालय एवं परिसर में बड़े स्तर पर बदलाव किया गया है।

तो आने वाले दिनों में यहां का नजारा और बदलने वाला है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को पुलिस कमिश्नर ने निर्माण, भूमि भवन सेल और कमिश्नरेट के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पूरा प्लान बनाया है। जो जल्द ही बदलाव की प्रक्रिया को दर्शाएगा।

### कवि नगर और सिहानी गेट का बदलेगा गेट



करंट क्राइम : किसी भी कार्यालय और थाने का मुख्य गेट उसकी पहचान और शान होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों के निर्देश पर थाना सिहानी गेट में रिनोवेशन का काम चल रहा है। तो वहीं कवि नगर थाने का भी मुख्य गेट और यहां पुलिसकर्मियों के लिए कक्ष बनाने के साथ फरियादियों के लिए वेटिंग रूम का निर्माण कराया जा रहा है।

### पुलिस कर्मी रहें फिट और हिट इसका भी रखा जा रहा है ध्यान

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिहानी गेट थाने में बैडमिंटन कोर्ट और वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण होगा ताकि पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी अवर्स के अलावा यहां पर अपनी फिटनेस पर ध्यान देने के लिए कुछ समय बिता पाएं। जिससे वह फिट और हिट बने रहेंगे।



पुलिस कमिश्नरेट में लगातार थानों, कार्यालय, पुलिस लाइन से लेकर डीसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यस्थल सुधारे जा रहे हैं। इसी के तहत सिटी जोन में कई कार्य कराए जा रहे हैं।

जे रविंदर गौड, सीपी गाजियाबाद

### क्राइम ब्रांच परिसर में शुरू हुआ कार्य, महिला थाना परिसर में बनेगी मॉड्यूलर कैंटीन



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर क्राइम ब्रांच का मुख्य द्वारा बनवाया जा रहा है। तो यहां अन्य विकास एवं सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही महिला थाना परिसर और क्राइम ब्रांच के निकट एक बड़े स्थान पर मॉड्यूलर कैंटीन बनाई जा रही है। जिसमें पुलिसकर्मियों के लिए चाय, काफी, नाश्ते के साथ ही दोपहर के भोजन की व्यवस्था होगी। दरअसल पुलिस अधिकारियों द्वारा यह व्यवस्था इसलिए कराई जा रही है, क्योंकि महिला थाना और परिवार परामर्श केंद्र में बड़ी संख्या में वादी, प्रतिवादी और फरियादी आते हैं। उन्हें जलपान और भोजन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। उनको समय लगता है और वह ठीक प्रकार से अपनी पैरवी व सुनवाई नहीं करवा पाते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की जा रही है, बताया जा रहा है कि यह मॉड्यूलर कैंटीन बेहद आधुनिक रहेगी। यहां पुलिस कर्मियों के साथ ही आने वाले फरियादी भी इसका लाभ ले सकेंगे।

# जब भगवा योद्धा ने रखा एमएलसी वाले रण में मंडल वाले शुक्ला जी का नाम

## क्षेत्र वाले पहले तो चौंके और फिर बताया टैक्निकल मामला और रख लिया योद्धा की बात का भी सम्मान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संगठन संभाल रहे भगवा योद्धा का पूरा प्रयास रहता है कि हर देवतुल्य कार्यकर्ता को किसी ना किसी कार्यक्रम में साथ लेकर चलें। वो दायित्व भी देते हैं और कार्यकर्ता को शाबासी भी देते हैं। खुद साथ रहकर प्रोत्साहन देते हैं। उनकी सबसे बड़ी खास बात ये है कि वो निष्ठावान कार्यकर्ता पर ध्यान देते हैं। सूत्र बताते हैं कि मेरठ वाले दफ्तर में क्षेत्रीय प्रधान ने भगवा योद्ध ने आईआईटी वाले शुक्ला जी का नाम रख दिया। भगवा योद्धा चाहते थे कि एमएलसी की तैयारी वाले रण में जिम्मेदारी वाले कॉलम में नदिया पार वाले शुक्ला जी का भी नाम आये। बताते हैं कि पहले तो यह नाम सुनकर क्षेत्रीय प्रधान चौंके और उन्होंने पूछा कि शुक्ला जी कौन हैं। भगवा यौद्धा ने बताया कि बहुत ही समर्पित कार्यकर्ता हैं और मंडल वाला दायित्व उनके पास रहा है। यह सुनकर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भगवा योद्धा को बताया कि आपका नाम भी ठीक है और प्रस्तव की भावना भी ठीक है लेकिन पार्टी फ्रेम वर्क में तकनीकी रूप से मामला अटक जायेगा। एमएलसी का चुनाव एक जिले का या शहर का नहीं होता है बल्कि ये क्षेत्रीय स्तर का चुनाव होता है। लिहाजा ऐसे में इस चुनाव में संयोजक वाला दायित्व उन्हीं चेहरों को दिया जा सकता है जिनके पास क्षेत्रीय स्तर का दायित्व पहले रहा हो या वर्तमान में हो। लेकिन क्षेत्रीय वालों की ये खूबी है कि वो बड़े दिल से राजनीति करते हैं। एक बार फिर उन्होंने बड़े दिल का परिचय दिया और भगवा योद्धा द्वारा दिये गये नाम को सम्मान दिया। अब वो एमएलसी वाली चुनावी रणनीति वाली टीम में सह संयोजक वाली जिम्मेदारी संभालेंगे।

# पुलिस ने खींच दी 6 बदमाशों के पैर के नीचे से जमीन

## हुए ताबड़तोड़ एनकाउंटर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार की दिन रात सिटी जोन की पुलिस बदमाशों पर भारी पड़ी। थाना वेव सिटी और सिहानी गेट पुलिस द्वारा कुल आधा दर्शन बदमाशों को एनकाउंटर के बाद दबोचा गया है। जहां वेव सिटी पुलिस ने 20 मुकदमों के आरोपी लुटेरे अनुज उर्फ खब्बा और रफीक को दबोचा है। तो सिहानी गेट थाना पुलिस ने लगभग 24 मामलों में ऑटो में बैठकर ठगी और लूटपाट करने वाले गैंग के चार शातिर सदस्य नफीस उर्फ पप्पा, आमिर, रेहान और शोएब को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया है। डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने बताया है कि पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर लगातार अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल और उनकी टीम व एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे की टीम ने सफलता हासिल की है।

### ऑटो में लूटपाट और ठगी करने वाला गैंग दबोचा



करंट क्राइम : एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने जानकारी दी है कि थाना सिहानी गेट पुलिस ने ऑटो में बैठकर लोगों के साथ ठगी एवं लूटपाट करने वाले गिरोह को दबोचा है। इनके पास से पुलिस ने देशी तमंचे, सोने-चांदी के आभूषण, एक ऑटो और लगभग 60 हजार रूपये बरामद किए हैं। तो वहीं वेव सिटी पुलिस ने भी आरोपियों से पूछताछ के बाद बरामदगी की है।

### सिटी जोन लगातार एनकाउंटर में चल रहा है आगे


करंट क्राइम : सिटी जोन के डीसीपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में अलग-अलग एसीपी और थाना पुलिस बदमाशों पर कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन लंगड़ा के तहत उन पर कार्रवाई कर रही है। तो कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए अन्य कार्रवाई भी की जा रही है।

## संपादकीय

# बढ़ता प्रदुषण- घटता स्वास्थ्य और हमारा कर्तव्य

अभी अभी दीपावली का त्यौहार गया है और वायु प्रदूषण मनुष्य के लिए विकट होता जा रहा है। सर्वप्रथम हम दीपावली पर ही चर्चा करते हैं। सभी को पता है कि दीपावली दीयों का त्यौहार है। इसके पीछे और भी अनेक मत हैं जिनमें अमावस्या की रात्रि के कारण प्रकाश करने का भी पक्ष रखा जाता है। लेकिन सर्वसाधारण रूप से दीपावली मनाने के पीछे एक कारण श्री रामचंद्र भगवान का अयोध्या लौटना माना जाता है। यदि हम भगवान श्री रामचंद्र जी के आदर्शों की चर्चा करें तो उनका जीवन सदा जनकल्याण को समर्पित रहा है। अपने पिता के वचन की पालना के लिए सहर्ष 14 वर्ष का बनवास स्वीकार किया। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र ने सदा नैतिकता को सर्वोपरि माना और जीवन में धारण किया। ऐसे में भगवान श्री रामचंद्र जी के आदर्शों का हमें सम्मान करना चाहिए। उनके आदर्शो को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। दीपावली की रात ही नहीं उससे कुछ दिन पूर्व और अब तक भी लोग पटाखे आदि जलाकर वायु प्रदूषित कर रहे हैं। इसके साथ ही ध्वनि प्रदूषण भी सामान्य जन के लिए असुविधा का कारण बना हुआ है। ये त्यौहार ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदुषण प्रदुषण के लिए नहीं बना है। यह बात लोगों की समझ में नहीं आ रही है। यही मुख्य समस्या है। मयार्दापुरुषोत्तम भगवान श्री राम चंद्र जी के जीवन का तो सार ही मयार्दा से पूर्ण और जीवों के कल्याण के लिए था न किसी को पीड़ा पहुँचाने का। कैसे मान लें कि पटाखे फोड़कर लोगों को प्रदूषित वातावरण देकर हम उनके दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं। दूसरी और यदि हम दूसरे दृष्टिकोण से देखते हैं तो जो धन हम पटाखों में व्यय करते हैं, केवल उतने ही धन को परोपकार के लिए व्यय कर दें तो जो भीतर का आनद और सुख शांति मिलेगी वह कहने सुनने से परे की बात है। एक अन्य दृष्टिकोण से वाहनों द्वारा छोड़े गए धुंए ने भी मनुष्य के जीवन को दुष्कर कर दिया है। आज एक व्यक्ति के घर में कई कई वाहन है। जितने व्यक्ति घर में हैं उतने ही वाहन उनके पास हैं। वाहनों का धुआं, कारखानों का धुआं, निमार्णाधीन भवन और सड़कों का प्रदुषण, कूड़े करकट के ढेर में प्रतिदिन आग का लगाना, खेतों में आग यह एक सामान्य बात होकर रह गई है। प्राय : लोग इन बातों को बहुत ही हल्के में लेते हैं और यह नहीं सोचते कि ऐसे छोटे छोटे धुंए के कारण वायुमंडल और वातावरण प्रदूषित हो रहा है। अभी दिल्ली में प्रदुषण के कारण आसपास के कई किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों में श्वांस के रोग, फेफड़ों के रोग और कैंसर जैसे भयानक रोग सामने आ रहे हैं। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए क्या करना होगा? यह एक बहुत बड़ा प्रश्न है। यदि देखा जाए तो ऐसे बहुत अधिक उल्लेख सामने आ रहे हैं जिनमें सरकारी विभागों में भी कूड़े करकट के ढेर में आग लगाने से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति केवल अधिकारों की ही चर्चा करता है। उसको प्रकृति ने अमूल्य वरदान के रूप में जल वायु आकाश अग्नि और पृथ्वी दिए हैं उनका नित्य शोषण कर रहा है। यदि व्यक्ति केवल प्राकृत से छेड़छाड़ ही न करे तो यह भी एक बहुत बड़ी सेवा होगी। आज मानव प्रकृति द्वारा दिए गए वरदान का धन्यवाद नहीं करता अपितु उन्हें नष्ट करने में लगा हुआ है। व्यक्ति को अपने कर्तव्यों को भी पालन करना होगा।

# मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 150 अंक टूटा, निफ्टी 26000 के नीचे




**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 150.68 अंक गिरकर 84,628.16 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 29.85 अंक गिरकर 25,936.20 अंक पर आ गया। एशियाई बाजारों में मुनाफावसूली और कमजोर रुख के बीच मंगलवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 150.68 अंक या 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,628.16 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 559.45 अंक या 0.65 प्रतिशत गिरकर 84,219.39 अंक पर आ गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 29.85 अंक या 0.11 प्रतिशत गिरकर 25,936.20 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे गिरकर 88.26 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख लाभ में रहे।

### वैश्विक घटनाओं से पहले निवेशकों ने दिखाई सतर्कता

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि निफ्टी-50 दिन के अधिकांश समय 25,800-26,000 के दायरे में कारोबार करता रहा। यह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत नतीजों जैसी प्रमुख वैश्विक घटनाओं से पहले सतर्कतापूर्ण धारणा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव भरा सत्र देखने को मिला, लेकिन निफ्टी-50 और बैंक निफ्टी दोनों ने कारोबार के अंतिम आधे घंटे में तेज सुधार दर्ज किया, जिससे शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

### यूरोपीय बाजारों में रहा मिला-जुला रुख

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मिश्रित रुख रहा। सोमवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर 64.42 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.78 प्रतिशत घटकर 64.42 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 55.58 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले कारोबार में 2,492.12 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 566.96 अंक या 0.67 प्रतिशत बढ़कर 84,778.84 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 170.90 अंक या 0.66 प्रतिशत चढ़कर 25,966.05 पर बंद हुआ।

# टाटा में विवाद बढ़ा, नोएल व दो और लोग मेहली मिस्त्री को फिर से ट्रस्टी नियुक्त करने के विरोध में

**नई दिल्ली।** टाटा ट्रस्ट्स से जुड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। चेयरमैन नोएल टाटा और उनके करीबी माने जाने वाले दो अन्य प्रभावशाली ट्रस्टियों ने दिवंगत रतन टाटा के करीबी सहयोगी और कारोबारी मेहली मिस्त्री की ट्रस्टी के रूप में फिर से नियुक्ति को रोक दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। इससे टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी को नियंत्रित करने वाली परोपकारी शाखा में मतभेद और गहरा गए हैं। पिछले वर्ष टाटा समूह के संरक्षक रतन टाटा के निधन के बाद नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का प्रमुख नियुक्त किया गया था।

टीवीएस मोटर कंपनी के मानद चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह ने मंगलवार को मिस्त्री का तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें ट्रस्टी के रूप में फिर से नियुक्त किए जाने के खिलाफ मतदान किया। उन्होंने बताया कि तीन अन्य ट्रस्टी- सिटीबैंक इंडिया के पूर्व सीईओ प्रमित झावेरी, मुंबई के वकील डेरियस खंबाटा और पुणे के समाजसेवी जहांगीर एचसी जहांगीर- जिन्हें मिस्त्री का करीबी माना जाता है, ने उनकी फिर से नियुक्ति का समर्थन किया। टाटा ट्रस्ट में मतों का यह विभाजन ट्रस्टियों की सर्वसम्मति से नियुक्ति के उसके दृष्टिकोण से अलग है। नोएल टाटा और मेहली मिस्त्री, टाटा ट्रस्ट्स में दो प्रमुख शक्ति केंद्र हैं। ये टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी रखते हैं। नोएल टाटा को श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह का समर्थन प्राप्त है, जबकि अन्य तीन मिस्त्री के साथ हैं।

दोनों समूहों के बीच मतभेद सितंबर में तब सामने आए, जब मिस्त्री और तीन अन्य ट्रस्टियों- झावेरी, खंबाटा और जहांगीर- ने टाटा संस के बोर्ड में टाटा ट्रस्ट्स के प्रतिनिधि के रूप में सिंह को हटाने के लिए मतदान किया। टाटा संस नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक के कारोबार करने वाले समूह की होल्डिंग कंपनी है।

# भारत का स्वच्छ ऊर्जा मिशन तेज, समय से पहले 50 फीसदी गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल



**नई दिल्ली।** उर्जा व स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार चीन, भारत और इंडोनेशिया, जो कोयला आधारित ऊर्जा उत्पदान के सबसे बड़े बाजार हैं और पेरिस समझौते के बाद से वैश्विक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के प्रमुख चालक बने हुए हैं। अगर ये तीन देश अपनी स्वच्छ ऊर्जा प्रगति बरकरार रखें, तो 2030 से पहले अपने पावर-सेक्टर उत्पादन के शिखर पर पहुंच सकते हैं।

नए विश्लेषण के अनुसार, भारत अगर अपनी 500 गीगावाट की गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य समय पर पूरा कर लेता है, तो देश कोयला बिलजी उत्सर्जन के शिखर पर पहुंच सकता है। उर्जा व स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) की रिपोर्ट में दावा किया गया है।

### कोयला आधारित ऊर्जा उत्पादन के बड़े बाजार

रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में चीन, भारत और इंडोनेशिया, जो कोयला आधारित ऊर्जा उत्पदान के सबसे बड़े बाजार हैं और पेरिस समझौते के बाद से वैश्विक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के प्रमुख चालक बने हुए हैं। अगर ये तीन देश अपनी स्वच्छ ऊर्जा प्रगति बरकरार रखें, तो 2030 से पहले अपने पावर-सेक्टर उत्पादन के शिखर पर पहुंच सकते हैं। इन देशों की संयुक्त भागीदारी 2024 में वैश्विक कोयला खपत का 73 प्रतिशत होगी।

### देश ने समयसीमा से पहले 50 प्रतिशत का आंकड़ा पार किया

अध्ययन के अनुसार भारत की स्वच्छ बिजली उत्सर्जन में तेजी से वृद्धि हुई है। इसमें 2024 में रिकॉर्ड 29 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता और 2025 की पहली छमाही में 25 गीगावाट अधिक की वृद्धि हुई। देश ने 2030 की समयसीमा से काफी पहले ही 50 प्रतिशत का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं तीव्र आर्थिक और जनसंख्या वृद्धि के साथ बिजली की मांग में भी वृद्धि जारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की वार्षिक सौर मॉड्यूल क्षमता 2025 के मध्य तक 118 गीगावाट थी और 2028 तक 200 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। इससे आयात पर निर्भरता कम होगी और स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को समर्थन मिलेगा।

# आठवें वेतन आयोग की रूपरेखा को कैबिनेट की मंजूरी

## 18 महीने का कार्यकाल, 50 लाख कर्मियों को फायदा



**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्रीय कर्मियों के वेतन और अन्य लाभों में बदलावों की जांच और सिफारिश करने के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। कैबिनेट ने आज 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के संदर्भ की शर्तों को मंजूरी दे दी। साथ ही पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना को भी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग के तहत विचार होने वाले विषयों को मंजूरी दी। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आयोग में एक अध्यक्ष, एक सदस्य (अंशकालिक) और एक सदस्य-सचिव शामिल होंगे।

### 1 जनवरी 2026 से लागू होने की उम्मीद- वैष्णव

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आठवां वेतन आयोग 18 महीने के भीतर सिफारिशें प्रस्तुत करेगा, जो 1 जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना है। मंत्री ने बताया कि आयोग की सिफारिशें रक्षा सेवा कर्मियों और लगभग 69 लाख पेंशनभोगियों सहित लगभग 50 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों को कवर करेंगी।

### पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना को मिली मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने चालू रबी सीजन (2025-26) के लिए पोषक तत्व आधारित 37,952 करोड़ रुपये की सब्सिडी योजना को भी मंजूरी दे दी है। सरकार ने प्रति किलोग्राम के आधार पर नाइट्रोजन (एन), फास्फोरस (पी), पोटाश (के) और सल्फर (5) के लिए सब्सिडी अधिसूचित की है।

### नई दरें होंगी 1 अक्तूबर से लागू

वैष्णव ने बताया कि इस रबी के लिए सब्सिडी दरें पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 14,000 करोड़ रुपये अधिक रखी गई हैं। ये दरें पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (ठइर) योजना के तहत तय की गई हैं, जिसमें आयात कीमतों, पोषक तत्वों की मांग, सब्सिडी भार और अधिकतम खुदरा मूल्य (टफ्ढ) जैसे कारकों को ध्यान में रखा गया है। नई सब्सिडी दरें 1 अक्तूबर से लागू होंगी। एनबीएस सब्सिडी व्यवस्था के अंतर्गत 28 ग्रेड के पी और के उर्वरक शामिल हैं। देश के कई हिस्सों में रबी की बुवाई शुरू हो चुकी है। इस मौसम में प्रमुख फसलें गेहूं, सरसों और चना होती हैं। सरकार का मानना है कि नई सब्सिडी दरें किसानों की लागत कम कर फसल उत्पादन को समर्थन देंगी।

**तय सब्सिडी दरें**

नाइट्रोजन (N) : 43.02 प्रति किलो
फॉस्फोरस (P) : 47.96 प्रति किलो
पोटाश (K) : 2.38 प्रति किलो
सल्फर (S) : 2.87 प्रति किलो

# सरकारी खर्च के लिए बॉन्ड बिक्री से 32000 करोड़ रुपये जुटाएगी केंद्र सरकार, 31 अक्तूबर को होगी नीलामी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने एक नीलामी के माध्यम से कुल 32,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए चार दिनांकित प्रतिभूतियों की बिक्री की घोषणा की है। सरकार अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जनता, बैंकों और अन्य संस्थाओं से धन उधार लेने के लिए बॉन्ड जारी करती है।

केंद्र सरकार ने चार दिनांकित प्रतिभूतियों की बिक्री (पुनर्निर्गम) के जरिए 32,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना घोषित की है। इन प्रतिभूतियों की नीलामी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 31 अक्तूबर, 2025 को आयोजित की जाएगी।

### 5,000 करोड़ से लेकर 11,000 करोड़ के बॉन्ड होंगे जारी

पहली 5.91 प्रतिशत ब्याज दर वाली सकारी प्रतिभूति 2028 है, जिससे 9,000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। यह 30 जून, 2028 को परिपक्व होगी। दूसरा 6.28 प्रतिशत ब्याज दर वाली सरकारी प्रतिभूति 2032 है, जिससे 11,000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। यह 14 जुलाई 2032 को परिपक्व होगी। तीसरा, 7.24 प्रतिशत वाली सराकरी प्रतिभूति 2055, जिसकी परिपक्वता 18 अगस्त 2055 को होगी। इससे 7,000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। चौथा बांड 6.98 प्रतिशत ब्याज दर वाला भारत सरकार का सॉवरेन ग्रीन बांड (एसजीआरबी) 2054 है, जो 16 दिसंबर 2054 को परिपक्व होगा। इसकी अधिसूचित राशि 5,000 करोड़ रुपये है।



वहीं निवेशकों की प्रतिक्रिया के आधार पर, इनमें से प्रत्येक प्रतिभूति पर 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता रखने का विकल्प भी खुला रखा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- तानाशाही शासक के तौर पर पहचान रखने वाले सद्दाम हुसैन के बारे में आपको यह नहीं पता होगा वह लेखक भी थे। सद्दाम ने Zabiba and the King नाम की किताब लिखी था, जो 2000 में प्रकाशित हुई।
- ताइवान में एक ऐसा रेस्त्रां है, जहां आने वाले कस्टमर को खाना टॉयलेट के आकार के बने एक स्टैंड पर दिया जाता है।
- प्रिंस चार्ल्स और प्रिंस विलियम्स ट्रैवलिंग के लिए हमेशा अलग-अलग प्लेन का प्रयोग करते हैं। इसकी बड़ी वजह थी कि प्लेन क्रैश हो जाए तो दोनों में से कोई एक तो जीवित रहेगा ही।
- घड़ी एक ऐसी चीज है जो हर जगह होती है। आप पार्टी कर रहे हों या मीटिंग में हों, समय की पाबंदी हर जगह होती है। इस नियम को तोड़ते हुए लॉसवेगास के एक कसीनो ने किसी भी तरह की घड़ी नहीं लगाई है। कसीनो के मालिक का मानना है कि यहां आप समय की पाबंदी के बिना मस्ती कर सकते हैं।
- तानाशाह जर्मन शासक हिटलर बचपन में पादरी बनना चाहता था. सबसे बड़ी बात कि जिस इंसान से आज भी लोग खौफ खाते हैं, उसे बिल्लियों से डर लगता था। यही डर नेपोलियन को भी था।

## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।
**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।
**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।
**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।
**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।
**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।
**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।
**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।
**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।
**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।
**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।
**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

संता ने चैलेंज किया कि वह कुतुब मीनार को
सिर पर रख कर मुंबई ले जा सकता है।
इस पर सारी मीडिया वहां पहुंच गई...!
तब संता ने मीडिया से कहा-
बस कोई कुतुब मीनार उठा के उसके सिर
पर रख दे...!!!

---

चिंटू मोबइल कंपनी में इंटरव्यू देने गया
पहले सवाल पर ही उसे भगा दिया गया...
सवाल- सबसे मशहूर नेटवर्क कौन सा है?
चिंटू- कार्टून नेटवर्क।

---

पत्नी- मुझे एक कुत्ता खरीदना है।
पति- तुम्हें कुत्ता ही क्यों खरीदना है?
पत्नी- ताकि तुम्हारे ऑफिस जाने के बाद कोई तो मेरे
आगे पीछे दुम हिलाने वाला हो।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



## भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों की फ्री स्टाइल 65 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सुजीत ने खिताबी मुकाबले में उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जालोलोव को एकतरफा अंदाज में 10-0 से हराया। दोनों पहलवानों के बीच यह मुकाबला चार मिनट 54 सेकेंड तक चला जिसके बाद रेफरी ने भारतीय पहलवान को विजेता घोषित किया।

**पदक का रंग बदलने में सफल रहे सुजीत**

सुजीत ने इस तरह उज्बेकिस्तान के पहलवान पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। इससे पहले सुजीत ने कभी विश्व खिताब नहीं जीता था, लेकिन उन्होंने 2022 और 2025 में अंडर-23 एशिया खिताब और 2022 में अंडर-20 एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। सुजीत ने पिछले साल इसी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, लेकिन इस बार वह पदक का रंग बदलने में सफल रहे।

**सुजीत का विश्व चैंपियनशिप में सफर**

सुजीत ने अपने पहले दो बाउट तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीते थे। उन्होंने मोलदोवा के फिओदोर किएवदारी को 12-2 से और पोलैंड के डोमिनिक जाकूब को 11-0 से परास्त किया था। क्वार्टर फाइनल में वह बशीर मागोमेदोव से पीछे चल रहे थे, लेकिन 4-2 से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे थे। सेमीफाइनल में सुजीत ने जापान के युतो निशियुची को 3-2 से हराकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था।

# 'हेजलवुड की लय बिगाड़ देंगे'

## पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच ने जताया अभिषेक शर्मा की फॉर्म पर भरोसा





**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने भले ही वनडे सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया हो, लेकिन उनके सामने अभिषेक शर्मा जैसे आक्रामक बल्लेबाज की चुनौती नहीं टिक पाएगी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार से पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इससे पहले नायर ने कहा कि अगर अभिषेक फॉर्म में हों तो उन्हें रोकना काफी मुश्किल होता है।

**एशिया कप में शानदार फॉर्म में थे अभिषेक**

अभिषेक शर्मा एशिया कप 2025 में शानदार फॉर्म में थे जहां वह शीर्ष स्कोरर रहे थे। उन्होंने टूनामेंट में भारत को अजेय रहते हुए जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल के एक शानदार सीजन के बाद टी20 क्रिकेट के शीर्ष बल्लेबाज अभिषेक ने 2024 से अपने करियर में कई ऊंचाइयां हासिल की है। अभिषेक नायर ने कहा कि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज में जोश हेजलवुड पर हावी होने की क्षमता है जो भारत के खिलाफ पिछले तीन वनडे मैचों में शानदार फॉर्म में दिखे थे।

अभिषेक ने कहा, अगर अभिषेक शर्मा फॉर्म में हैं तो हेजलवुड आउट ऑफ फॉर्म होंगे। जिस तरह से वह बल्लेबाजी करते हैं वह पहली गेंद पर चौका या छक्का लगाने के लिए जाने जाते हैं। अगर आप पावरप्ले में डर पैदा करते हैं तो यह पूरी पारी में बना रहता है। अभिषेक शर्मा का खेल पर यही प्रभाव है। अगर वह छह ओवर बल्लेबाजी करते हैं तो भारत 60 से 80 के बीच स्कोर करेगा। इससे उनके साथी बल्लेबाजों पर दबाव कम होगा, जबकि विरोधी टीम पर दबाव बढ़ेगा।

वनडे सीरीज में हेजलवुड ने भारतीय बल्लेबाजों को किया परेशान

हेजलवुड ने वनडे सीरीज के तीनों मैचों में भारतीय बल्लेबाजों को खूब परेशान किया और पहले दो मैचों में पर्थ और एडिलेड की पिचों पर भरपूर उछाल हासिल करके शीर्ष क्रम के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। दूसरे वनडे में उनका स्पेल खास तौर पर प्रभावशाली रहा, हालांकि बदकिस्मती से उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। नायर ने कहा कि हेजलवुड का सामना करना अभिषेक के लिए बड़ी चुनौती होगी और अभिषेक भारत और यूएई में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद ऑस्ट्रेलिया में भी दबदबा बनाने के लिए उत्सुक होंगे।

नायर ने कहा, यह उनके लिए एक बड़ी परीक्षा होगी खासकर हेजलवुड के खिलाफ जो अच्छी लय में हैं और अतिरिक्त उछाल हासिल कर रहे हैं। हालांकि मुझे लगता है कि आईपीएल और दक्षिण अफ्रीका में खेलकर उन्होंने काफी अनुभव हासिल कर लिया है।

वह निडर मानसिकता का है और ऑस्ट्रेलिया में अपना नाम कमाना चाहेगा। यह उसके लिए एक अच्छा मौका है क्योंकि यहां सम्मान अर्जित करना बहुत संतोषजनक है। मैं उसके बारे में जितना जानता हूं उसके अनुसार वह इस सीरीज में जरूर अपना नाम कमाना चाहेगा।

# द. अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे यशस्वी



**मुंबई।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी में खेल सकते हैं। यशस्वी मुंबई के लिए एक नवंबर से राजस्थान के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में हिस्सा लेंगे। यशस्वी हाल ही में संपन्न हुई ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली थी।

**नवंबर में होनी है दक्षिण अफ्रीका से सीरीज**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से कोलकाता में दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा और यशस्वी इस चुनौती के लिए तैयार होना चाहते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यशस्वी ने मुंबई के मुख्य चयनकर्ता संजय पाटिल को अपनी उपलब्धता की जानकारी दे दी है। यशस्वी ने जम्मू कश्मीर के खिलाफ आखिरी बार रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था। अगर यशस्वी इस मैच में खेलते हैं तो वह टीम में बरकरार रहने का फैसला करने के बाद अपना पहला मैच खेलेंगे।

> भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से कोलकाता में दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा और यशस्वी इस चुनौती के लिए तैयार होना चाहते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यशस्वी ने मुंबई के मुख्य चयनकर्ता संजय पाटिल को अपनी उपलब्धता की जानकारी दे दी है।

मालूम हो कि यशस्वी ने मुंबई टीम छोड़ने का फैसला किया था, लेकिन बाद में वह इससे पलट गए थे।

**यशस्वी का घरेलू करियर**

यशस्वी ने 2019 में डेब्यू करने के बाद से 46 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें 56.50 के औसत से 4520 रन बनाए हैं जिसमें 16 शतक शामिल हैं। 2021-22 में रणजी ट्रॉफी का पूरा सत्र खेले यशस्वी ने तीन मैचों में 498 रन बनाए थे जिसमें छह पारियों में तीन शतक और एक अर्धशतक शामिल था। मुंबई को फाइनल में पहुंचाने में यशस्वी की भूमिका काफी अहम थी। इतना ही नहीं उन्होंने 33 लिस्ट ए मैच खेले हैं और 52.62 के औसत से 1526 रन बनाए हैं जिसमें पांच शतक शामिल हैं। टी20 में यशस्वी ने 33.05 के औसत और 149 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 3537 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं।

# नाकामुरा को हराकर गुकेश ने किया 'किंग थ्रो' विवाद का हिसाब बराबर, शालीनता से जीता दिल



**नई दिल्ली।** विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश ने अमेरिका के सेंट लुईस में आयोजित क्लच चेस चैंपियंस शोडाउन 2025 में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा को रैपिड फॉर्मेट में हराकर मिनी मैच अपने नाम किया। यह जीत सिर्फ एक मुकाबले की नहीं थी, यह उस विवाद का जवाब भी थी जिसने कुछ हफ्ते पहले शतरंज जगत को हिला दिया था। दरअसल, कुछ समय पहले दोनों के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान नाकामुरा ने गुकेश को हराने के बाद उनका किंग मोहरा उठाकर दर्शकों की ओर फेंक दिया था, जिससे भारी विवाद खड़ा हो गया था।

**गुकेश ने शालीनता से जीता दिल**

गुकेश ने राउंड 2 के पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए शानदार रणनीति के साथ जीत दर्ज की। इसके बाद सभी की नजरें उनके रिएक्शन पर थीं। लेकिन गुकेश ने अपनी भावनाओं पर काबू पाते हुए शांति से बोर्ड को रीसेट किया, मोहरों को उनकी जगह पर रखा और नाकामुरा से हाथ मिलाया।

# सूर्यकुमार यादव ने श्रेयस के स्वास्थ्य पर दी जानकारी, बताया कैसा है हाल

**कैनबरा।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने श्रेयस अय्यर के स्वास्थ्य पर जानकारी दी है। सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले बताया कि श्रेयस अब खतरे से बाहर हैं और ठीक हैं। भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस पिछले दो दिन से सिडनी के अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती थे। रिपोर्ट में आंतरिक रक्तस्राव का पता लगने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



**कैच पकड़ने के दौरान हुए चोटिल:** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के दौरान उनकी पसलियों में चोट लग गई थी। यह चोट उस समय लगी जब वह एलेक्स कैरी का कैच पकड़ने के लिए बैकवर्ड प्वाइंट से पीछे की ओर दौड़ते हुए कैच ले रहे थे। सूर्यकुमार यादव से श्रेयस की हेल्थ के बारे में पूछा गया। इस पर टी20 कप्तान ने बताया कि श्रेयस की हालत स्थिर है और वह उनके भेजे गए मैसेज का जवाब दे रहे हैं। सूर्यकुमार ने बताया कि श्रेयस को कुछ और दिनों तक निगरानी में रखा जाएगा, लेकिन फिलहाल वह खतरे से बाहर हैं। सूर्यकुमार ने पहले टी20 से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पहले दिन जब मुझे पता चला कि वह चोटिल हो गया है तो मैंने उसे फोन किया। मुझे पता चला कि उसके पास उसका फोन नहीं था। इसलिए, मैंने फिजियो को फोन किया और उन्होंने मुझे बताया कि श्रेयस की हालत स्थिर है। पहले दिन आप किसी भी चीज के बारे में निश्चित नहीं हो सकते।

लेकिन मैं पिछले दो दिनों से श्रेयस से बात कर रहा हूं और वह फोन पर जवाब दे रहे हैं। अगर वह जवाब दे रहे हैं तो इसका मतलब है कि वह स्थिर हैं। वह ठीक दिख रहे हैं, डॉक्टर उनके साथ हैं। लेकिन अगले कुछ दिनों तक वह निगरानी में रहेंगे। वह मैसेज का जवाब दे रहे हैं तो यह अच्छी बात है।

## 'मुझे फोन आया कि भारत को सजा मत दो...'

# पूर्व मैच रेफरी ने सौरभ गांगुली और आईसीसी पर लगाया बड़ा आरोप

**नई दिल्ली।** पूर्व मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि अपने 21 साल के करियर के दौरान उन्हें भारत के खिलाफ ओवर रेट मामलों में नरमी बरतने के निर्देश दिए गए थे।इतना ही नहीं उन्होंने भारतीय टीम के साथ-साथ पूर्व कप्तान सौरव गांगुली पर बड़ा आरोप लगाया है।

**Chris Broad का ICC और सौरव गांगुली पर बड़ा आरोप**

दरअसल, 68 साल के क्रिस ब्रॉड ने हाल ही में द टेलीग्राफ को दिए इंटरव्यू में कहा कि आईसीसी के अंदर अब राजनीतिक दखल काफी बढ़ गया है। ब्रॉड ने 2003 से 2024 तक बतौर मैच रेफरी काम किया और इस दौरान उन्होंने 622 अंतरराष्ट्रीय मैचों की



निगरानी की, जो क्रिकेट इतिहास में तीसरा सबसे ज्यादा आंकड़ा है। उनका आखिरी मैच फरवरी 2024 में कोलंबो में हुआ था।

ब्रॉड ने बताया कि एक बार भारत के ओवर रेट में कमी को लेकर उन्हें सीधे आईसीसी से फोन आया। उन्होंने कहा कि भारत मैच के अंत में तीन-चार ओवर पीछे था, जिससे उन पर फाइन लगना था। तभी मुझे फोन आया और कहा गया कि थोड़ा नरम रहो, कुछ समय निकाल लो क्योंकि ये इंडिया है। फिर हमें समय निकालना पड़ा ताकि ओवर रेट फाइन से नीचे आ जाए।

उन्होंने आगे बताया कि अगले ही मैच में फिर वही गलती हुई, जब सौरव गांगुली टीम के कप्तान थे। ब्रॉड ने कहा कि अगले मैच में भी वही हुआ। मैंने पूछा-अब क्या करना है? तो कहा गया कि अब करो पेनल्टी। यानी राजनीति तब भी थी। कुछ लोग अब इस सिस्टम में राजनीतिक समझदारी दिखाते हैं, या फिर चुप रहना ही बेहतर समझते हैं। ब्रॉड ने स्वीकार किया कि अपने लंबे करियर में उन्होंने कई राजनीतिक और व्यक्तिगत दबाव झेले। उन्होंने इस पर कहा कि 20 साल तक इस माहौल में रहना आसान नहीं था। कुछ जगहों पर ह्यसही और गलतह्न के बीच गंगा जैसी दूरी होती है और बीच में बहुत गंदा पानी होता है। फिर भी इतने साल टिके रहना मेरे लिए बड़ी बात है।

## भारत से फिर जुड़ेंगे दिग्गज मुक्केबाजी कोच सेंटियागो

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी टीम के पूर्व विदेशी प्रशिक्षक और हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर अर्जेंटीनी मूल के दिग्गज स्वीडिश कोच सेंटियागो निएवा एक बार फिर भारतीय मुक्केबाजों से जुड़ने जा रहे हैं। सेंटियागो इस वक्त ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाजी टीम के मुख्य प्रशिक्षक हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) उन्हें पुरुष टीम के मुख्य प्रशिक्षक के तौर पर जोड़ रहा है। बीएफआई ने सेंटियागो के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को प्रस्ताव भेजा है।

अनुबंध सिरे चढ़ा तो वह अब तक के सबसे महंगे विदेशी मुक्केबाजी कोच होंगे। उन्हें 12 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग साढ़े 10 लाख रुपये) प्रति माह के वेतन पर लाया जा रहा है। सेंटियागो 2017 में भारतीय मुक्केबाजी टीम के साथ जुड़े थे और 2022 तक उन्होंने भारतीय मुक्केबाजों को तराशा।

# सूर्यकुमार की फॉर्म पर रहेगी नजर, सैमसन या जितेश किसे मिलेगा मौका? बुमराह की होगी वापसी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज गंवाने के बाद अब भारतीय टीम कंगारूओं के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। दोनों टीमों के बीच बुधवार को पहला टी20 मुकाबला कैनबरा में खेला जाएगा। इस सीरीज में टीम सूर्यकुमार यादव की अगुआई में खेलने उतरेगी। सूर्यकुमार पिछले कुछ समय से फॉर्म में नजर नहीं आ रहे हैं और उनसे इस सीरीज में बड़ी पारी खेलने की उम्मीद रहेगी।

**दोनों टीमों के बीच देखने मिलेगी कड़ी टक्कर**

यह लगभग तय है कि भारतीय टीम करीब वही प्लेइंग-11 के साथ उतरेगी जिसके साथ उसने एशिया कप का खिताब जीता था। भारत के पास टी20 की मजबूत टीम है और इसका पता इस बात से ही चल रहा है कि टीम ने पिछले 10 में से आठ मुकाबले जीते हैं, जबकि एक हारा है। वहीं, टीम का एक मैच टाई रहा था। भारतीय टीम के लिए चुनौती आसान नहीं रहेगी क्योंकि





कंगारू टीम भी फॉर्म में है और उसने भारत की तरह पिछले 10 में से आठ मैच जीते हैं, जबकि एक मैच में उसे हार मिली है। ऑस्ट्रेलिया का एक मैच बारिश में धुला भी है।

**कप्तान के तौर पर बेहतर है सूर्यकुमार का रिकॉर्ड**

सूर्यकुमार भले ही बल्ले से योगदान नहीं दे पा रहे हैं, लेकिन कप्तान के तौर पर उनका रिकॉर्ड शानदार है। सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने अब तक 29 में से 23 मुकाबले जीते हैं और इस दौरान टीम ने आक्रामक होकर बल्लेबाजी की है और पहली ही गेंद से विपक्षी गेंदबाजों पर हमलावर रहे हैं। सूर्यकुमार के नेतृत्व में भारत ने अब तक कोई द्विपक्षीय टी20 सीरीज नहीं गंवाई है और हाल ही में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब भी जीता था।

टी20 विश्व कप 2026 अब ज्यादा दूर नहीं है, ऐसे में भारत की तैयारियों के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये सीरीज काफी अहम है। भारत को इस वैश्विक टूनामेंट से पहले करीब 15 टी20 मुकाबले खेले हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार की फॉर्म को लेकर चिंताओं को खारिज किया, लेकिन सूर्यकुमार को जल्द ही फॉर्म में लौटना होगा।

**इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार है...**

**भारत :** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह।

**ऑस्ट्रेलिया :** ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस, मिचेल ओवन, सीन एबॉट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुहनैमैन, जोश हेजलवुड।

**गिल-अभिषेक करेंगे पारी की शुरूआत**

एक बार फिर शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा पारी की शुरूआत करते नजर आएंगे। एशिया कप में अभिषेक शानदार फॉर्म में थे और ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में भी उनसे इसी तरह का प्रदर्शन करने की उम्मीद थी। ऑस्ट्रेलिया की पिच पर अभिषेक के सामने चुनौती रहेगा, ऐसे में कप्तान का योगदान काफी महत्वपूर्ण होगा। वहीं, चौथे स्थान पर तिलक वर्मा उतरेंगे, जबकि हार्दिक पांड्या की अनुपस्थिति में शिवम दुबे पर बल्ले और गेंद दोनों से प्रदर्शन करने का जिम्मा रहेगा। एशिया कप फाइनल में साहसिक पारी खेलने वाले तिलक वर्मा और अक्षर पटेल मध्य क्रम का जिम्मा संभालेंगे, जबकि अगर भारत एक अतिरिक्त बल्लेबाज के साथ उतरेगा तो रिंकू सिंह की जगह भी एकादश में बन सकती है।

**सैमसन को मिल सकती है तरजीह**

विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन को जितेश शर्मा पर तरजीह मिल सकती है।

सैमसन ने पूरे एशिया कप के दौरान विकेटकीपिंग का जिम्मा संभाला था और वह पहले मैच में भी प्लेइंग-11 में शामिल रह सकते हैं। ऐसे में जितेश को एकादश में जगह बनाने के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। गेंदबाजी की बात करें को स्पिन विभाग का जिम्मा अक्षर और वरुण चक्रवर्ती संभालेंगे, जबकि भारत दो विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ उतर सकता है।

# लोनी बॉर्डर पर राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान आयोजित

## वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का किया आह्वान





**हजारों लोगों ने लिया हिस्सा**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी बॉर्डर पर आज राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रामपाल ने की, जबकि संचालन एवं संयोजन की ज़िम्मेदारी विपिन तोमर ने निभाई।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री माननीय जयंत चौधरी के निजी सलाहकार वीरपाल मलिक, खतौली विधायक मदन भैया, लोनी नगर पालिका चेयरमैन मनोज धामा, प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चेयरमैन अमरजीत सिंह बीड़ी, जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, बागपत जिला पंचायत अध्यक्ष जय किशोर, क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, विक्रांत जवाला, जोगेंद्र चेयरमैन पतला, और जिला महासचिव दीपू शर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने भागीदारी की और राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान को मजबूत करने का संकल्प लिया।

सभी वक्ताओं ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और रालोद के मिशन को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

इस मौके पर उदयपाल प्रधान, अनिल कुमार सभासद, सतपाल शर्मा, राजीव शर्मा, छोटे अल्वी, जयबीर बालियान, ओमपाल राणा, भीम चौधरी, सुभाष पंडित, बृजपाल सिंह, सुमित पारचा, इंदरपाल कसना, सुधीर तोमर, संजीव चौधरी, दीपक पहलवान, पंकज बाल्मीकि समेत अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# साहिबाबाद में मीडिया हाउस अधिकारी के घर में 31 लाख की चोरी

**साहिबाबाद(करंट क्राइम)।** साहिबाबाद थानाक्षेत्र में मीडिया हाउस के एक अधिकारी के मकान में बालकनी के रास्ते घुसे चोर ने अलमारी का ताला तोड़कर 31 लाख की चोरी कर ली। सोमवार रात चोर ने उस समय चोरी को अंजाम दिया, जब पूरा परिवार मकान के अंदर ही सो रहा था। सुबह चोरी का पता चलने पर पुलिस को सूचना दी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। राजेंद्र नगर सेक्टर 5 निवासी मनीष शर्मा एक मीडिया हाउस में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह उठे तो पहले तल पर बने कमरे का सामान बिखरा था। अलमारी का गेट खुला था और इसमें रखे करीब 25 लाख रुपये के गहने और छह लाख रुपये की नगदी गायब थी।

मनीष के मुताबिक गहनों में तीन हीरे की अंगूठी, चार सोने की अंगूठी, तीस चांदी के सिक्के, तीन जोड़ी पाजेब, तीन सोने की चेन, एक मंगल सूत्र, तीन चांदी की मूर्ति, एक अष्टधातु की मूर्ति शामिल है। सोमवार रात खाने के वह पत्नी के साथ भूतल और पहले तल के एक कमरे में बुजुर्ग माता-पिता और बच्चे सोने चले गए थे। रात किसी समय चोर पहले तल की बालकनी से अंदर आया और अलमारी वाले कमरे



में जाकर चोरी की। इस कमरे में कोई भी नहीं था। उन्होंने अंदेशा जताया कि वारदात से पहले सभी सदस्यों को कुछ सुंघाया गया, जिसके चलते आहट भी नहीं लगी। मनीष के मुताबिक चोर ने आसपास के भी कई घरों में घुसने का प्रयास किया। आहट होने पर कुछ घरों के लोगों ने हल्ला भी किया। हालांकि किसी ने चोरों को देखा नहीं।

अंदेशा है कि एक से अधिक बदमाश थे। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने फिंगर प्रिंट व अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास लगे कैमरों को चेक कर रहे हैं। पहचान कर चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।




### फैल गया लड्डुओं का रायता, पार्षद एसोसिएसन का क्या फायदा

वैसे तो लड्डू का मामला दूसरे पार्षद का था मगर फफूंदी वाला तीर दूसरे पार्षद ने ले लिया। तत्काल ही लड्डुओं को फेसबुक पर पटक दिया और सुना है कि मामला अब उनकी जान को अटक रहा है। लड्डू को आधा लाख के भी नहीं थे मगर फफूंदी आने के बाद नोटिस 10 करोड़ का बताया जा रहा है। अब ये भी चर्चा चल निकली है कि लड्डू तो हमने 100 पार्षदों के यहां भिजवाये थे मगर फफूंदी केवल एक डिब्बे में ही क्यों निकली। अगर लड्डू ही खराब थे तो 100 पार्षद ना सही कम से कम 50 तो अपने लडडुओं के साथ हलवाई पर हमला बोल देते। लेने वाले ने इस मामले पर चुटकी ली और कहा कि जब लड्डुओं की फफूंदी का रायता फैल ही रहा है तो आप हमें बताओं की इस पार्षद वैल्फेयर एसोसिएसन का क्या फायदा है। कम से कम वैल्फेयर एसोसिएसन को तो हिमायत में आना चाहिए था। एक धरना हलवाई के खिलाफ भी सही और चार ज्ञापन हलवाई के विरोध में भी फूड सेफ्टी वालों से लेकर जीएसटी वालों तक दे आते। पार्षदों में ही दम नहीं है वरना लड्डू भी भेजे जाते और बोली में मिठास अलग से होती।

### नेहरू जी को मिलेगी हरनंदीपुरम में कितने हजार गज जमीन

नेहरू जी की जमीन पर कब्जा हो गया और वर्षों से वहां की कमान संभाल रहे जगत और राज ने सरेन्डर कर दिया। सितम देखिये कि जिन्हें वो अध्यक्ष मानने से ही इंकार कर रहे थे, उन्ही को जाकर अपने इस्तीफे सौंप दिये। ये बात पहले से चल रही है कि पार्किंग तो सिर्फ बहाना है असली मकसद तो इस जमीन को यहां से ले जाना है। जाते जाते विकास वाले महकमे के साहब कागजों में प्रेजिडेंट घोषित कर गये हैं। खेल को समझ रहे हैं। खिलाड़ी ने कहा कि नेहरू जी को ही अब कुछ दिनों में ये आदेश होगा कि महाराज बीच आबादी में तुम्हारा मैदान आ गया है। किसी के बॉल वॉल लग जायेगी। लिहाजा अपने इस मैदान को कहीं और ले जाओ। जमीन सरेन्डर होगी और नेहरू जी को हरनंदीपुरम में योजना विकसित होने के साथ साथ मैदान भी मिल जायेगा। बताने वाले बता रहे हैं कि जैसे शहीद स्मारक उठकर दुहाई चला गया और किसी ने दुहाई भी नहीं दी। ऐसे ही नेहरू जी को भी हरनंदीपुरम में शिफ्ट होना पड़ेगा और नेहरू जी भी देख ही रहे होंगे कि जो हाल जगत और दास का हुआ है वो ही हाल फिर तुम्हारा भी हो सकता है। वैसे भी हाथ वाले तो इस मामले में ना कुछ बोल रह हैं और ना देख रहे हैं।

### हैंड वालों का कोई भी लीडर सियासी लैंड पर स्टैंड ही नहीं करता है

वैसे तो साईकिल और हाथ आपस में हाथ मिलाकर विधानसभा वाले चुनाव रण में आयेंगे। हाथ वाले इस बार भी साईकिल वालों के साथ नारे लगायेंगे या फिर वो अपना उम्मीदवार लेकर आयेंगे। कांगेस की चुनावी ताकत को लेकर पुराने कांग्रेसी ने ही जुबान खोली। उसने एक एक कर कई नाम गिनाये और कहा कि आप मेरा नाम बदल देना, अगर ये सारे चेहरे अपने वार्ड का भी चुनाव जीत जायें। रणनीति को लेकर पुराने कांग्रेसी ने फिर ये बात दोहराई कि भाई साहब लड़ेंगे तो ये तब जब इनके पास कोई चुनाव चेहरा हो। उसने बताया कि जो पहले खुद को योद्धा मान रहे थे वो सारे विधानसभा चुनाव के बाद अब चुनाव का जिक्र ही नहीं करते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि हैंड वालों का कोई भी लीडर सियासी लैंड पर स्टैंड ही नहीं करता है। केवल हाथ में एक बैनर लेने से काम नहीं चलता है। जनता की लड़ाई लड़ने के लिए रण में उतरना पड़ता है। हाउस टैक्स लड़ाई में जरा दिखाओ तो सही कांग्रेस के कितने नेता धरने पर बैठे हैं।

# बाइक सवार बदमाशों ने की मोबाइल और सोने की चेन की लूट, लोगों में दहशत

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर में राह चलते लोग अपने आप को सुरक्षित नहीं मान रहें हैं। उनके साथ बाइक सवार बदमाश लूट की घटना कब कर दें, कुछ कहा नहीं जा सकता। बदमाशों ने नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में लूट की दो घटनाओं को अंजाम देकर लोगों के मन में दहशत पैदा कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना फेस-3 क्षेत्र के गढ़ी गोल चक्कर के पास पैदल जा रहे अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति से उसकी कीमती मोबाइल फोन लूट लिया। थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि



हरभजन तोमर पुत्र चंद्रपाल तोमर निवासी ग्राम हैबतपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 अक्टूबर की रात को वह ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे के पास से गढी गोल चक्कर की तरफ जा रहा थे, तभी बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उसका कीमती मोबाइल फोन लूट लिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से बदमाशों की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

वहीं थाना बीटा-2 क्षेत्र से बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला की चेन लूट लिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पूर्वांचल रायल सिटी निवासी वैशाली गुप्ता ने बताया कि वह किसी काम से स्कूटी पर सवार होकर घर से निकलीं थी। दोपहर को वह आम्रपाली कैसल सोसाइटी के पास पहुंचीं थीं। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार दो बदमाश उसके पास पहुंचे। वह कुछ समझ पातीं इससे पहले ही एक बदमाशों ने महिला गले से सोने की चेन झपट ली। दोनों बदमाशों ने हेलमेट पहन रखी थी तथा उन्होंने मुंह कपड़े से ढक रखा था। महिला की शिकायत पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

# तीन नाबालिग छात्राएं लापता, परिजनों ने जताया अपहरण का शक पुलिस ने शुरू की तलाश

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर के नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रहने वाली तीन नाबालिग छात्राएं घर से लापता हो गई है। तीनों के पीड़ित परिजनों ने अज्ञात युवकों पर किशोरियों को बहला-फुसलाकर कर अगवा करने का शक जाहिर करते हुए थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। वहीं पुलिस दर्ज रिपोर्ट के आधार पर टीम गठित कर किशोरियों की तलाश कर रही है।

थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह नोएडा के सेक्टर-63 जे-ब्लॉक में रहता है। पीड़ित के अनुसार 16 अक्टूबर से उनकी 12 वर्षीय बेटी कहीं पर चली गई है। पीड़ित के अनुसार उसने अपनी बेटी को खोजने का काफी प्रयास किया लेकिन वह नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित ने अज्ञात युवक पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर कर अगवा करने का शक जाहिर करते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है।

थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह नोएडा के सेक्टर-27 इंदिरा मार्केट के गली नंबर-3 में रहता है। पीड़ित के अनुसार उनकी 13 वर्षीय बेटी 3 अक्टूबर से घर से लापता है।



पीड़ित ने आशंका व्यक्त की है कि उसकी बेटी को रूपेश पुत्र भीम सिंह बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि किशोरी को बरामद करने के लिए पुलिस की 2 टीमें लगाई गई है।


वहीं थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 अक्टूबर से उसकी नाबालिग बेटी लापता है। पीड़ित ने संतोष राजपूत, संदीप कुमार तथा रामबली राजपूत पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर अगवा करने का शक जाहिर किया है।

उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# ट्रैफिक में जल्द आएंगे सिविल वाले

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक को लेकर लगातार बदलावों का दौर चल रहा है। यहां कभी डीसीपी स्तर के अधिकारी का पद सृजित किया गया, तो वहीं एसीपी की संख्या में बढ़ोत्तरी के साथ थ्री- स्टारों को भी नई तैनाती दी जा चुकी है। इन सबके बीच पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि लंबा समय बीत गया है लेकिन सिविल पुलिस से ट्रैफिक में जिन पुलिसकर्मियों का तबादला होना था, उन्होंने ज्वाइन नहीं किया है। जिसकी वजह से यहां का मामला थोड़ा टाइट चल रहा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों जब उच्च अधिकारियों के संज्ञान में यह मामला आया तो पत्र जारी किया गया था। अब बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन को मिलाकर लगभग 70 से अधिक ऐसे पुलिसकर्मी हैं, जो पोस्टिंग तो ट्रैफिक में चाहते थे लेकिन अभीतक उन्होंने सिविल पुलिसिंग को टाटा बाय-बाय नहीं किया है, यानी वह थाने, चौकी और कार्यालय छोड़ नहीं रहे हैं। जिसकी वजह से उनको ट्रैफिक में जगह नहीं मिल रही है और ट्रैफिक महकमे पर पुलिसकर्मियों की कमी हो




रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगातार वीवीआईपी मूवमेंट रहता है, जिसकी वजह से बड़े संख्या में पुलिसकर्मियों को इस्तेमाल किया जाता है। तो वहीं मुख्यमंत्री से लेकर तमाम अतिथि गाजियाबाद आते रहते हैं। इसके साथ ही प्रमुख नेशनल हाईवे और जीटी रोड होने की वजह से भी प्रतिदिन कोई ना कोई प्रोटोकॉल वाली ड्यूटी रहती है। जिसकी वजह से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की संख्या की डिमांड रहती है। उधर पुलिस सूत्रों से सुनने में आया है कि कई पुलिसकर्मी ऐसे हैं, जो पहले तो ट्रैफिक में आने का मन बना रहे थे लेकिन अब उनका मोह भंग हो गया है। अब इसके पीछे की वजह तो विभाग वाले ही बता सकते हैं, पर चर्चा सुनाई दी है कि आने वाले दिनों में जल्द ही ट्रैफिक में सिविल वालों को भेजा जाएगा। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि नवंबर वाले माह में उन पुलिसकर्मियों के लिए भी अलर्ट वाला अलार्म बज सकता है ,जो अलग-अलग जोन में बतौर टू-स्टार यानी उप निरीक्षक के रूप में दो साल का समय पूरा कर चुके हैं। सुनने में आ रहा है कि जल्द ही टू-स्टारों को अलग-अलग जोन के लिए रवाना किया जाएगा। अब देखना होगा कि 2015 वाले बैच की तरह किस्मत की चाबी और दया वाला मोड किस पर मेहरबान होता है।

# पुलिस ने मोबाइल और मोटरसाइकिल चोरी का गैंग धर दबोचा, 3 बदमाशों को किया गिरफ्तार!

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना कासना पुलिस ने मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 28 मोबाइल फोन, 1 मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद किया है। पुलिस अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।



थाना कासना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आज थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 3 अभियुक्त इरशाद पुत्र मोहम्मद हनीफ, दिलशाद पुत्र मोहम्मद हनीफ, विनीत पुत्र पप्पन को थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित एक पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए हुए 28 मोबाइल फोन, 1 चोरी की मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट, तमंचा व चाकू बरामद किया है।

वहीं थाना सेक्टर 142 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक सूचना का आधार पर थाना पुलिस ने संजू रावत पुत्र पदम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल तथा अवैध चाकू बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी सेक्टर-137 मेट्रो स्टेशन के पास से हुई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया है कि यह बाइक गुरुग्राम हरियाणा से चोरी की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त बदमाश ने वाहन चोरी की कई वारदातें करने स्वीकार की है।

# ट्रांस हिंडन में पकड़ी गई नकली करेंसी की बड़ी खेप

## पुलिस और आईटी की टीम जांच में जुटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर नकली करेंसी ले जाने वाले एक गिरोह के सदस्यों को दबोचा गया है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि यह रकम करोड़ों में हो सकती है। इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारी और आयकर विभाग की टीमें मामले की जांच पड़ताल में जुट गई हैं। शुरूआती तौर पर बताया जा रहा है कि पूरा मामला हवाला कारोबार के पैसों से जुड़ा हो सकता है। इसमें दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई अन्य शहरों के भी कनेक्शन पुलिस की शुरूआती जांच में निकल कर आए हैं। बताया जा रहा है कि यह मोटी रकम एक राज्य से दूसरे राज्य पहुंचाई जानी थीं। पुलिस कमिश्नरेट के सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में पुलिस और आयकर विभाग की टीम हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है। वह ओल्ड करेंसी के साथ ही इतनी बड़ी मात्रा में रकम ले जाए जाने और कारोबार की जानकारी जुटा रही है। बताया जा रहा है कि इस मामले में पुलिस जांच के बाद कानूनी एक्शन ले सकती है। तो वहीं हवाला कारोबार का खुलासा भी हो सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में बुधवार को कुछ चौंकाने वाले खुलासे और जानकारी भी सामने आ सकती है।



# मंदिर से चोरी का मामलाः पुलिस ने चांदी के आभूषण चुराने वाले को किया गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-12 स्थित शिव मंदिर में बीते दिनों लाखों रुपए कीमत के भगवान शिवलिंग पर लगे छत्र एवं अन्य मूर्तियों पर लगी चांदी के आभूषण चोरी करने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उक्त सामान खरीदने वाले सुनार को भी गिरफ्तार किया है।



एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-12 में स्थित शिव मंदिर से 15 अक्टूबर को अज्ञात बदमाशों ने शिवलिंग पर लगे छत्र, माता रानी के ऊपर लगी हुई छत्रप, सांई बाबा के मुकुट आदि चोरी कर लिया था। उन्होंने बताया कि इस घटना की जांच कर रही पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर मंदिर में चोरी करने वाले सिंह उर्फ सोनू पुत्र चतर सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही सुनार सदाशिव पुत्र राजा राम गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से 5 मटमैली सफेद धातु जिनका वजन करीब 3 किलो 540 ग्राम, अभियुक्त राजू सिंह उर्फ सोनू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकिल व अवैध चाकू बरामद किया गया है।

एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ करने पर अभियुक्त राजू सिंह उर्फ सोनू द्वारा बताया गया कि वह अक्सर मंदिरों की रैकी कर वहां लगे आभूषण चोरी करता है। उसने बताया कि करीब 10-12 दिन पहले वह सेक्टर-12, नोएडा में बने एक मंदिर से शिवलिंग पर लगे छत्र एवं अन्य मूर्तियों पर लगे चांदी के आभूषण चोरी किया। चोरी करके मिले पैसों से अभियुक्त अपना जीवनयापन तथा दैनिक आवश्यकताएं पूरी करता है।

बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसकी पत्नी के नाम पर दर्ज है। अभियुक्त ने स्वीकार किया कि इसी मोटरसाइकिल से वह मंदिरों की रैकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। यह मोटरसाइकिल भी उसने चोरी से प्राप्त राशि से खरीदी है। अभियुक्त ने यह भी बताया कि अधिकांश चोरी किया हुआ माल वह सदाशिव के पास ही गलवाने ले जाता है तथा सदाशिव अक्सर उसे सिल्ली बनाकर वापस दे देता है। अभियुक्त ने कहा कि जो चाकू उसके पास बरामद हुआ है, वह उसे घटना के समय अपनी सुरक्षा के लिए रखता था।

दूसरे अभियुक्त सदाशिव ने पुलिस को बताया है कि वह सोना-चांदी गलाने का व्यवसाय करता है तथा उसकी दुकान मोहल्ला फैजगंज, जिला मुरादाबाद में स्थित है। उसने स्वीकार किया कि राजू सिंह अक्सर चोरी का माल उसे गलवाने के लिए लाता है।

अधिक लाभ की लालसा में वह चोरी के माल को गलाकर सिल्ली बनाकर राजू को दे देता है। करीब 10 दिन पूर्व भी राजू सिंह ने चांदी के मंदिर आभूषण उसे दिए थे, जिन्हें उसने गलाकर सिल्ली बनाकर देने के इरादे से नोएडा आया था।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नाइसमैन और समरकूल के निदेशक संजीव गुप्ता ने अपने शब्दों से उस भाव को जिया है जो भारतीय समाज की पहचान है। 'साझा निवास, साझा चूल्हा, साझा संपत्ति और सामूहिक निर्णय' जैसी सोच आज के समय में परिवारिक एकता का सशक्त संदेश देती है। उनका यह विचार न केवल परंपरा को सलाम करता है, बल्कि नई पीढ़ी को यह समझ भी देता है कि संयुक्त परिवार में बसता है स्नेह, संस्कार और स्थिरता का असली आधार। संजीव गुप्ता का यह दृष्टिकोण बताता है कि व्यवसायिक सफलता के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता भी उनकी पहचान है। मिस्टर कूल की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## केन्या में बड़ा हवाई हादसा, मासाई मारा जाते वक्त

# विमान दुर्घटनाग्रस्त, 11 लोगों की मौत

**नैरोबी।** केन्या में मंगलवार को एक बड़ा हवाई हादसा हुआ, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें आठ हंगरी के नागरिक, दो जर्मन नागरिक और एक केन्याई पायलट शामिल हैं। यह विमान केन्या के क्वाले क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जब वह प्रसिद्ध मासाई मारा नेशनल रिजर्व की ओर जा रहा था। हादसे के बाद विमान पूरी तरह जलकर खाक हो गया, जिससे किसी के भी बचने की संभावना नहीं रही।

यह दुर्घटना सुबह करीब 5:30 बजे स्थानीय समयानुसार क्वाले के पहाड़ी और घने जंगल वाले इलाके में हुई। अधिकारियों के मुताबिक, विमान डायनी एयरस्ट्रिप से उड़ान भरने के करीब 40 किलोमीटर बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ। हादसे के वक्त तटीय क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी, जिससे दृश्यता कम थी। एयरलाइन ने

● **इस दुर्घटना ने केन्या की विमानन सुरक्षा को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं**

बताया कि पायलट ने उड़ान के बाद कंट्रोल टॉवर से कोई संपर्क नहीं किया, और करीब 30 मिनट तक संपर्क स्थापित करने की कोशिश के बाद विमान का मलबा मिला।

### एयरलाइन का बयान और जांच शुरू

विमान संचालित करने वाली कंपनी मोंबासा एयर सफारी ने बयान जारी कर हादसे की पुष्टि की। कंपनी ने बताया कि विमान में सवार सभी यात्रियों की मौत हो गई। वहीं, क्वाले काउंटी कमिश्नर स्टीफन ओरिंडे ने कहा कि जांच एजेंसियां हादसे के



कारणों की जांच कर रही हैं। शुरूआती आशंका मौसम और तकनीकी खराबी की है। मौके पर पहुंचे राहत दलों ने बताया कि विमान आग की लपटों में घिर गया था और वहां केवल जली हुई राख और मलबा ही बचा।

### प्रत्यक्षदर्शियों का बयान और स्थानीय प्रतिक्रिया

स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने सुबह तेज धमाके की आवाज सुनी और जब वे मौके पर पहुंचे तो विमान धधक रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शव इतनी बुरी तरह जल चुके थे कि पहचान करना मुश्किल था। हादसे के बाद केन्या के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा कि विमान में 12 लोग सवार थे, हालांकि एयरलाइन ने 11 लोगों की पुष्टि की है। इस विसंगति को लेकर भी जांच जारी है।

### पर्यटक स्थलों में एक है मासाई मारा

मासाई मारा नेशनल रिजर्व अफ्रीका के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है, जहां हर साल हजारों विदेशी पर्यटक वाइल्डबीस्ट माइग्रेशन (हिरणों का वार्षिक पलायन) देखने आते हैं। यह रिजर्व डायनी से दो घंटे की सीधी उड़ान की दूरी पर है।

इस दुर्घटना ने केन्या की विमानन सुरक्षा को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। 2018 की अंतरराष्ट्रीय विमानन सुरक्षा रिपोर्ट में केन्या को दुर्घटना जांच के मामले में वैश्विक औसत से नीचे बताया गया था, जिससे देश की विमानन निगरानी पर भी अब सवाल उठने लगे हैं।

# इस्राइल का समर्थन करने पर हुई पाकिस्तानी पत्रकार की बेरहमी से हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान कट्टरपंथ की चपेट में इस कदर आ चुका है कि वहां अब जनभावना के विपरीत बात करना भी जानलेवा हो गया है। पाकिस्तान में एक पत्रकार को इस्राइल के समर्थन में बात करने के लिए ही जान से हाथ धोना पड़ गया। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के गृह मंत्री ने खुलासा करते हुए बताया कि, बीते हफ्ते कराची में हुई एक पत्रकार की हत्या एक चरमपंथी इस्लामी ग्रुप के सदस्यों ने कर थी, क्योंकि उसने अपने टेलीविजन चैनल पर इस्राइल के समर्थन में टिप्पणी कर दी थी।

**चार आरोपी गिरफ्तार**

सिंध प्रांत के गृह मंत्री जियाउल हसन ने दावा किया कि पत्रकार और एंकर इम्तियाज मीर की हत्या के आरोप में चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इम्तियाज मीर को 21 सितंबर को कराची के मलिर इलाके में उनके ऑफिस से निकलते समय गोली मार दी गई थी। गृह मंत्री ने



कहा कि मारे गए पत्रकार को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि हत्यारे उसे इस्राइल का कथित हमदर्द मानते थे और उसकी कथित इस्राइल समर्थक टिप्पणियों से नाराज थे। इसी के चलते पत्रकार की हत्या कर दी गई।

**विदेश में बैठे हैंडलर ने दी सुपारी**

सिंध पुलिस के इंस्पेक्टर जनरल गुलाम नबी मेमन और शहर के पुलिस प्रमुख जावेद आलम ने मीडिया को बताया कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए चारों लोगों ने पाकिस्तान के बाहर बैठे अपने हैंडलर के आदेश पर हत्या करने की बात कबूल कर ली है। पुलिस अधिकारियों ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, 'गिरफ्तार किए गए संदिग्ध पढ़े-लिखे लोग हैं, और उनका सरगना पड़ोसी देश में रहता है।' संदिग्धों की पहचान अजलाल जैदी, शाहब असगर, अहसान अब्बास और फराज अहमद के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि ये चारों 'लश्कर सरुल्लाह' नामक चरमपंथी संगठन से जुड़े हैं, जो प्रतिबंधित जैनबियान ब्रिगेड का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान दो केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने कराची पुलिस के साथ मिलकर काम किया था।

# बंधक के शव को लेकर हमास की 'धोखेबाजी' पर नेतन्याहू सख्त

**तेल अवीव।** अमेरिका की मध्यस्थता के बाद इस्राइल और गाजा में फलस्तीनी संगठन हमास के बीच शांति समझौते का पहला चरण जारी है। ऐसे में हमास ने सोमवार (27 अक्तूबर) को एक बंधक का शव इस्राइल को सौंपा। लेकिन अब बंधक के शव को लेकर इस्राइल प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास पर बड़ा बयान दिया है।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार (28 अक्तूबर ) को कहा कि हमास की ओर से रात में लौटाए गए एक बंधक के अवशेष लगभग दो साल पहले गाजा में इस्राइल सैनिकों द्वारा बरामद किए गए एक बंधक के शरीर के अंग हैं।

**16वें बंधक के शव का दावा**

सोमवार को गाजा में युद्धविराम के बीच हमास ने एक बंधक का शव



इस्राइल को सौंपा था। इस्राइल प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यकाल के अनुसार सेना को एक ताबूत प्राप्त हुआ, जिसमें 7 अक्तूबर 2023 के हमले के दौरान अगवा किए गए 28 में से 16वें बंधक का शव था। इसके बाद शव सैन्य सम्मान के साथ राष्ट्रीय फॉरेंसिक संस्थान भेजा गया। जिसके बाद अब शव के अवशेष को लेकर बेंजामिन नेतन्याहू का बयान सामने आया। इस्राइल सेना ने तटीय क्षेत्र में दो साल के इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान लगभग 51 बंधकों के शव बरामद किए। नेतन्याहू ने शवों के अंगों की वापसी को हमास द्वारा अमेरिका की मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते का ₹स्पष्ट उल्लंघन₹ बताया है। बताया जा रहा है कि गाजा में अभी भी 13 बंधकों के शव हैं, और उन अवशेषों की धीमी गति से बरामदगी युद्धविराम के अगले चरणों को लागू करने में चुनौती पेश कर रही है।

**जानबूझकर शवों की वापसी में देरी का आरोप**

वहीं हमास ने कहा है कि वह गाजा में भारी तबाही के बीच शवों का पता लगाने के लिए संघर्ष कर रहा है। हमास ने कहा कि हम युद्धविराम समझौते के पहले चरण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जल्द से जल्द सभी शव लौटाने का प्रयास कर रहे हैं।

# भारतीय युवक ने विमान में फॉक से दो युवाओं पर किया हमला, सहयात्री के साथ की मारपीट

**शिकागो।** अमेरिका में एक बेहद ही चौंकाने वाली घटना सामने आई है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि शिकागो से जर्मनी जा रही एक उड़ान में 28 वर्षीय भारतीय नागरिक ने कथित तौर पर दो किशोरों पर फोक (कांटा चम्मच) से हमला किया और एक सह-यात्री को थप्पड़ मारा है।

अटॉर्नी कार्यालय की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि यह घटना शनिवार को लुफ्थांसा की एक उड़ान में हुई, जिसे गड़बड़ी के बाद बोस्टन लोगान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ना पड़ा था। जानकारी के मुताबिक, प्रणीत कुमार उसिरिपल्ली ने कथित तौर पर एक 17 यात्री के कंधे पर धातु के कांटे से वार किया और फिर उसी कांटे से दूसरे 17 वर्षीय पुरुष यात्री के सिर के पीछे वार किया। दूसरे किशोर के सिर पर चोट लगी। भारतीय युवक को 25 अक्तूबर को गिरफ्तार किया गया था और उसे बोस्टन में संघीय अदालत में पेश किया जाएगा। दोषी पाए जाने पर उसे 10 साल तक की जेल, तीन साल तक की निगरानी में रिहाई और 250,000 अमेरिकी डॉलर तक का जुमार्ना हो सकता है।

अमेरिकी अधिकारियों की ओर से जारी किए गए दस्तावेज के मुताबिक, भारतीय युवक ने हमला उस समय फ्लाइल में खाना परोसा जा रहा था। दस्तावेजों में आरोप लगाया गया है कि जब उसिरीपल्ली को रोकने की कोशिश की गई, तो उसने अपनी उंगलियों से एक बंदूक बनाई, उसे अपने मुंह में डाला और एक काल्पनिक ट्रिगर खींच कर इशारा किया। इसके बाद उसने एक महिला सहयात्री को थप्पड़ मारा और फ्लाइट क्रू मेंबर को भी थप्पड़ मारने की कोशिश की।

**अमेरिकी अधिकारियों की ओर से जारी किए गए दस्तावेज के मुताबिक, भारतीय युवक ने हमला उस समय फ्लाइल में खाना परोसा जा रहा था**



### क्या सच में टेस्ला को छोड़ देंगे मस्क?

**नई दिल्ली।** टेस्ला की बोर्ड प्रमुख रोबिन डेनहोम ने चेतावनी दी कि अगर शेयरधारक छह नवंबर को कंपनी की सालाना बैठक में एलन मस्क के प्रस्तावित एक ट्रिलियन की भुगतान योजना को स्वीकार नहीं करते हैं, तो मस्क कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अपने निवेशकों को लिखे पत्र में रोबिन डेनहोम ने कहा कि यह प्रदर्शन पर आधारित योजना मस्क को कम से कम अगले साढ़े सात वर्षों तकटेस्ला का नेतृत्व करते रहने के लिए बनाई गई। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा पैकेज नहीं मिला जो उन्हें पद पर बने रहने के लिए प्रोत्साहित करे, तो टेस्ला उनके समय, प्रतिभा और दृष्टि को खो सकता है। उन्होंने आगे कहा, उनका योगदान महत्वपूर्ण है क्योंकि टेस्ला का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्वचालित ड्राइविंग तकनीक में विस्तार करने का लक्ष्य रखा है।

# वेस्ट बैंक में इस्राइल ने ढेर किए तीन फलस्तीनी उग्रवादी

**नई दिल्ली।** किंग चार्ल्स तृतीय ने सोमवार को ब्रिटेन के पहले राष्ट्रीय स्मारक को समर्पित किया, जो LGBTQ+ (लेस्बियन, गे, बाइसेक्शुअल और ट्रांसजेंडर) सैनिकों के सम्मान में बनाया गया है। यह समारोह मध्य इंग्लैंड के नेशनल मेमोरियल आबोर्रेटम में आयोजित हुआ। स्मारक को उन सैनिकों की याद में बनाया गया है जिन्हें 1967 से 2000 के बीच समलैंगिक या ट्रांसजेंडर होने के कारण सेना से निष्कासित कर दिया गया था।

किंग चार्ल्स ने समारोह में फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। 1999 में यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय के आदेश के बाद ब्रिटेन ने सेना में समलैंगिकता पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया था। 2023 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस अन्याय के लिए औपचारिक माफी मांगी थी और पीड़ित सैनिकों को मुआवजा देने की योजना शुरू की थी।

आइवरी कोस्ट के राष्ट्रपति अलासाने औटारा को चौथी बार देश का राष्ट्रपति चुना गया है। शुरूआती नतीजों के अनुसार, 83 वर्षीय औटारा को 89.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। रविवार को हुए चुनाव में मतदाता उपस्थिति कम रही और अबीजान की सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिला। औटारा वर्ष 2011 से सत्ता में हैं और उन्हें देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने का श्रेय दिया जाता है।

हालांकि, विपक्ष ने उन पर सत्ता पर पकड़ मजबूत करने और लोकतंत्र को कमजोर करने के आरोप लगाए हैं। इस चुनाव में उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया गया था, जिससे औटारा की जीत लगभग तय मानी जा रही थी।

# जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के आरोपी ने कोर्ट में कबूला अपना गुनाह

**टोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के आरोपी ने मंगलवार को कोर्ट में अपना गुनाह कबूल कर लिया। तीन साल पहले आबे की दिनदहाड़े हत्या हुई थी। इस हत्याकांड ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया था।

### आरोपी ने हाथ से बने हथियार से किया था हमला

आरोपी तेत्सुया यामागामी (45 वर्षीय) पर हत्या और शस्त्र नियंत्रण कानूनों के उल्लंघन का आरोप था। उस पर यह आरोप है कि उसने जुलाई 2022 में आबे को उनके भाषण देते समय एक हाथ से बने हथियार का इस्तेमाल करके मार डाला। अदालत



में यामागामी ने कहा, 'सब सच है।'

### ट्रंप ने आबे को बताया 'महान मित्र'

आरोपी के खिलाफ आज मुकदमा शुरू हुआ। यामागामी उसी समय अदालत में पेश हुआ, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी जापान की नई प्रधानमंत्री सनाए तकाइची से वार्ता के लिए पहुंचे। तकाइची ने ट्रंप के साथ चर्चा में आबे के साथ अपने करीबी संबंधों का जिक्र किया और उन्हें अपना 'महान मित्र' बताया।

### आबे को मारने के पीछे वजह क्या थी?

यामागामी पर आरोप है कि उसने 2022 में चुनावी भाषण के दौरान हाथ से बनाई गई बंदूक से आबे को गोली मारी। उसकी नाराजगी दक्षिण कोरिया में 1953 में कोरियाई युद्ध के एक साल बाद बने यूनिफिकेशन चर्च से थी। यामागामी का मानना था कि इस चर्च के आबे और अन्य जापानी नेताओं से करीबी संबंध थे। उसने अधिकारियों को बताया कि उसकी मां ने चर्च को बहुत बड़ी राशि दान में दी थी, जिससे उसका परिवार आर्थिक रूप से बबार्दी के कगार पर पहुंच गया।

यूनिफिकेशन चर्च के दुनियाभर में मजबूत राजनीतिक संबंध हैं। उसने जापान में सैकड़ों मुकदमों का सामना किया है।

हालांकि, दशकों तक यह चर्च किसी बड़ी सरकारी जांच के दायरे में नहीं आया और जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ इसके करीबी संबंध बने रहे।

### सबसे लंबे समय तक पीएम रहे आबे

आबे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे। ट्रंप और तकाइची दोनों ने उन्हें याद किया। समाचार एजेंसी 'क्योदो' के मुताबिक, नारा शहर में चल रहे इस मुकदमे के दिसंबर के मध्य तक समाप्त होने की आशंका है।

# फलस्तीन में सैनिक भेजेगा पाकिस्तान

## कतर-तुर्किये समेत इन देशों से बात कर रहा अमेरिका

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान जल्द यह घोषणा कर सकता है कि वह गाजा के लिए बनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (आईएसएफ) में अपने सैनिक भेजेगा या नहीं। अधिकारियों ने संकेत दिया कि सरकार इस मिशन में हिस्सा लेने के पक्ष में है।

अधिकारियों ने इस मामले की संवेदनशीलता के कारण अपने नामों को सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन कहा कि सरकार सेना के बीच इस मुद्दे पर चर्चा प्रगति के अंतिम चरण में है। उनकी बातों से लगता है कि इस्लामाबाद इस मिशन में भाग लेना चाहता है। अमेरिका की मध्यस्थता में किए गए गाजा शांति समझौते में एक मुख्य बिंदु आईएसएफ की स्थापना भी है। आईएसएफ की स्थापना इस्लामी देशों के सैनिकों से की जाएगी। इस बल का काम आंतरिक सुरक्षा बनाए रखना, हमास को निरस्त्र करना, सीमा शुल्क पर नियंत्रण करना और

● **आईएसएफ की स्थापना इस्लामी देशों के सैनिकों से की जाएगी**

फलस्तीनी प्रशासन के तहत मानवीय राहत व पुनर्निर्माण में मदद करना होगा।

**सैनिक भेजने के लिए कई देशों से बात कर रहा अमेरिका**

ट्रंप प्रशासन ने गाजा में अमेरिकी सैनिक भेजने से इनकार किया। हालांकि, वह इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मिस्र, कतर, तुर्किये और अजरबैजान से इस बहुराष्ट्रीय बल में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहा है।

हालांकि, सोमवार को इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने तुर्किये के इस बल में शामिल होने का विरोध किया, क्योंकि तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन का इस्राइल के प्रति 'शत्रुतापूर्ण' रुख है।

# ट्रंप के टैरिफ प्रतिबंधों के बाद नरम पड़े रूस के तेवर!

## दूसरी बड़ी तेल कंपनी बेचेगी अपनी संपत्तिया

**फ्रैंकफर्ट।** यूक्रेन को लेकर अमेरिका रूस पर दबाव बढ़ा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूस पर लगाए नए प्रतिबंधों के बाद रूसी तेल का सामाज्य हिलने लगा है। रूस की दूसरी सबसे बड़ी तेल कंपनी लुकोइल ने अपनी अंतरराष्ट्रीय संपत्तियों को बेचने का फैसला किया है। रूसी तेल दिग्गज कंपनी लुकोइल अपनी अंतरराष्ट्रीय संपत्तियों को बेचने को मजबूर है। रूस की दूसरी सबसे बड़ी तेल कंपनी ने ये फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूस पर लगाए नए प्रतिबंधों के बाद किया है।

कंपनी ने कहा है कि वह अपने अंतरराष्ट्रीय कारोबार और संपत्तियों को बेचने जा रही है। ट्रंप के नए प्रतिबंधों का मकसद रूस-यूक्रेन में शांति कराना है। जिसके बाद रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों सहित कई प्रतिबंधों की घोषणा की।

**संभावित खरीदारों से चल रही बातचीत**

रूसी तेल कंपनी ने एक बयान में



बताया कि वह संभावित खरीदारों से बातचीत कर रही है। लुकोइल ने कहा कि यह लेनदेन 21 नवंबर तक दिए गए ह्यसैंक्शन ग्रेस पीरियडह्न के भीतर पूरे किए जाएंगे, और जरूरत पड़ने पर इस अवधि को बढ़ाने की मांग भी की जाएगी।

**रूस के अलावा और कई देशों में भी कारोबार**

बता दें कि लुकोइल की 11 देशों में तेल और गैस परियोजनाओं में हिस्सेदारी है। कंपनी के पास बुल्गारिया और रोमानिया में रिफाइनरियां हैं, साथ ही नीदरलैंड्स की एक रिफाइनरी में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी भी है।

दरअसल, ट्रम्प ने 22 अक्टूबर को रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियां लुकोइल और रोसनेफ्ट के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की, जो देश के तेल निर्यात का लगभग आधा हिस्सा हैं।

### रूस के बाहर कारोबार करना बेहद मुश्किल

अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद लुकोइल और रोसनेफ्ट के लिए रूस के बाहर कारोबार करना बेहद मुश्किल हो गया है। अमेरिकी कंपनियों को इनसे व्यापार करने पर रोक है, साथ ही विदेशी बैंकों पर भी प्रतिबंधों का खतरा है। इसका मतलब है कि कोई भी बैंक जो प्रमुख अमेरिकी वित्तीय प्रणाली के साथ संपर्क बनाए रखना चाहता है, वह उनके साथ व्यापार करने से पहले दो बार सोचेगा।

तेल और गैस से होने वाला राजस्व रूस में सरकारी राजस्व का एक प्रमुख स्त्रोत है। अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने रूस से तत्काल युद्धविराम की अपील की है।

# भारत और अमेरिका की नौसेनाओं का पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभ्यास संपन्न

## मजबूत हुआ आपसी तालमेल और क्षमता

**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) और समुद्री क्षेत्र में जागरूकता पर केंद्रित संयुक्त युद्ध अभ्यास किया, ताकि दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी तालमेल और क्षमता को मजबूत किया जा सके। अमेरिका के सातवें बेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका और भारत की नौसेनाएं साथ उड़ान भर रही हैं। डिएगो गार्सिया के पास संयुक्त पी-8 प्रशिक्षण ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध कौशल और समुद्री क्षेत्र की जागरूकता को निखारा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक क्षमता को बढ़ाया।

रक्षा दृश्य सूचना वितरण सेवा (डीवीआईडीएस) ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'कमांडर टास्क फोर्स 72' (सीटीएफ) के मिशन में समुद्री गश्ती और टोही विमान (एमपीआरए) पी-8ए पोसाइडन ने

● **अमेरिकी नौसेना का सातवां बेड़ा अग्रिम मोर्चे पर तैनात सबसे बड़ा बेड़ा है**

भारतीय नौसेना के एमपीआरए पी-8आई के साथ डिएगो गार्सिया और हिंद महासागर के पास संयुक्त अभ्यास में भाग लिया। यह अभ्यास 22 से 28 अक्तूबर के बीच आयोजित किया गया था।

पी-8आई के डिएगो गार्सिया पहुंचने के बाद अमेरिकी और भारतीय चालक दल ने अभ्यास के लिए संचालन योजना पर मिलकर काम किया, जिससे समुद्री में सूचना साझा करने और सहयोग की नींव रखी गई। इस तट आधारित चरण को संयुक्त उड़ान और द्विपक्षी पनडुब्बी-रोधी और संचार अभ्यास के साथ पूरा किया गया।

बयान में कहा गया, पैट्रोल स्क्वाड्रन (वीपी) 4 को सीटीएफ 72 में तैनात किया गया, जो अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े समुद्री गश्ती और टोही विमानों के लिए कमान एवं नियंत्रण मुख्यालय है। यह बहुपक्षीय सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय सुरक्षा और संचालन को बढ़ावा देता है और निगरानी व टोही की क्षमताएं प्रदान करता है।

अमेरिकी नौसेना का सातवां बेड़ा अग्रिम मोर्चे पर तैनात सबसे बड़ा बेड़ा है। यह बेड़ा अपने नियमित रूप से अपने साझेदारों के साथ संवाद करता है, ताकि एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण को साकार किया जा सके।

इन अभ्यासों में भारतीय और अमेरिकी सशस्त्र बलों ने संयुक्त संचार और युद्ध क्षमता बढ़ाने के लिए उपग्रह और बिना चालक वाले (अनमैन्ड) तकनीकों का उपयोग किया।

# पार्षद नरेश भाटी ने छठ व्रतियों को दिया अर्घ्य





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 15 स्थित छठ घट पर पार्षद नरेश भाटी ने छठ व्रतियों को अर्घ्य दिया और उनकी पूजा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छठ पर्व हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है और यह पर्व हमें प्रकृति के करीब लाता है।

पार्षद नरेश भाटी ने कहा, छठ पर्व हमें अपने जीवन में संतुलन बनाए रखने का संदेश देता है। यह पर्व हमें प्रकृति की महत्ता को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा, मैं छठ व्रतियों को अर्घ्य देकर बहुत ही खुश हूं। यह पर्व हमारे समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है और हमें अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाने का संदेश देता है।

पार्षद नरेश भाटी ने छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा, ₹हम सभी को मिलकर छठ पर्व को सफल बनाना है और अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लानी है।

# नगरपालिका की लापरवाही से मासूम की मौत खुले गटर में डूबा 9 साल का प्रिंस

- दो वर्ष बीतने के बावजूद शौचालय का निर्माण पूरा नहीं।
- बच्चे के स्वजन ने जताया विरोध, कार्रवाई की मांग की।



**मुरादनगर (करंट काइम)।** मुरादनगर में नगरपालिका की लापरवाही से एक बच्चे की जान चली गई। निमार्णाधीन शौचालय के खुले गटर में गिरने से नौ साल के प्रिंस की मौत हो गई। परिजनों और कॉलोनीवासियों ने हंगामा किया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला शांत कराया। परिजनों का आरोप है कि नगरपालिका की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

मुरादनगर। थाना क्षेत्र की दरगाह में नगरपालिका की लापरवाही के कारण हुए हादसे में निमार्णाधीन शौचालय के खुले गटर में डूबने से एक नौ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत से गुस्साए उसके स्वजन और कॉलोनी के लोगों ने जमकर हंगामा किया और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने बच्चे स्वजन को समझा बुझाकर शांत कराया। स्वजन की अनुमति से बच्चे का अंतिम संस्कार करा दिया गया है। घटना को लेकर बच्चे के स्वजन की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है।

दरगाह कॉलोनी में सोनू अपनी पत्नी प्रीति उर्फ सोनिका के साथ रहते हैं। सोनू मजदूरी करके अपने परिवार का पालन करते हैं। उनका नौ वर्षीय छोटा बेटा प्रिंस चौथी कक्षा में पढ़ता था। सोमवार रात को प्रिंस घर के सामने खेल रहा था। खेलने के दौरान वह घर के निकट बने निर्माणाधीन सार्वजनिक शौचालय परिसर में चला गया और अंधेरे के चलते शौचालय के नौ फीट गहरे खुले गटर में गिरकर डूब गया। जब काफी देर तक बच्चा घर नहीं लौटा तो परिवार के लोगों उनकी तलाश की।

संदेह होने पर परिवार और कालोनी के लोगों ने गटर के पानी निकाला तो उनमें बच्चे का शव बरामद हुआ। बच्चे को शव मिलते ही उनके मां और परिवार के अन्य लोगों का मारे गम के बुरा हो गया। बच्चे की मां रोते हुए बेहोश हो गई। वहीं परिवार के लोगों ने हादसे के लिए नगरपालिका जिम्मेदार ठहराया। बच्चे की मौत के विरोध में उनके स्वजन और जमकर हंगामा किया और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्चे के स्जवन को समझा बुझाकर शांत कराया। मंगलवार सुबह स्वजन की सहमति से बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना को लेकर अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### दो वर्ष से चल रहा था शौचालय का निर्माण

बच्चे के स्वजन ने बताया कि कॉलोनी में दो वर्ष पहले शौचालय का निर्माण शुरू हुआ था। बाद में प्रशासनिक कारणों के चलते उनका निर्माण रोक दिया गया। गत दो वर्ष से निर्माण कार्य रुका है है।
पालिकाकर्मियों ने लापरवाही दिखाते हुए शौचालय के नौ फीट गहरे के गटर को बिना ढके ही छोड़ दिया गया था। गटर में महीनों से वर्षा का गंदा पानी भरा हुआ था। इतना ही नहीं शौचालय के परिसर में प्रकाश आदि की भी कोई व्यवस्था नहीं है। अंधेरे के कारण ही बच्चा गटर में गिर गया। लोगों का कहना है कि यदि नगरपालिका समय से शौचालय का निर्माण पर कर देती तो बच्ची की जान नहीं जाती।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गढ़ के एक पदाधिकारी की लैंड वाले मैटर में हो गयी अपनों से ही लड़ाई ? कहने वाले कह रहे हैं लड़ाई में मामला धांय-धांय की आवाज तक भी पहुंचने वाला था भाई ? मगर शुक्र है भगवान का संभल गयी बात ? मामले को संभालने के लिए विधायक जी को लेनी पड़ी एंट्री ? समझौता हुआ कहीं जाकर फिर संभले हालात ? कहने वाले ने कहा कि हो जाता है हर उस केस का समाधान जिसे विधायक जी ले लेते हैं अपने हाथ ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** रोटी कम थी और ज्यादा थे बेलन ? हमें समझ नहीं आ रहा कि आखिर कैसा हुआ था युवा वाला सम्मेलन ? छोटे हॉल में केवल हुए 120 चेहरों के दीदार ? फिर भी ना जाने क्यों बरसाया बरसाने वाले ने अपना प्यार ? जो भी हो सीन समझ आ रहा है हमारी समझ से बाहर ? लगता है युवा वालों की कम हो रही है धार ? या फिर युवा टीम के मैम्बर नही हैं अपने हैड को ऑक्सीजन देने के लिए तैयार ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे एक भगवा कार्यक्रम में अपने दोस्त के साथ ? वहां पर पूरे मान से कही किसी ने मन की बात ? कराया मौजूदा वालों की ताकत का अहसास ? कहा 6 महीने पहले मन को सुनने का मामला 10 प्रतिशत था ? जो अब 93 प्रतिशत हो गया है साहब ? कहने वाले ने कहा कि मौजूदा वालों को इन शब्दों से छुआ दिया उन्होंने पूरे मान से अंदर ? गजब का दिया संदेश और कम कर दिये 6 महीने का जिक्र करके पूर्व वालों के नम्बर ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बात पहुंच गयी है कार्यकर्ताओं के घर घर ? प्रभारी जी देकर गये हैं संदेश अब एक एक कार्यकर्ता बनेगा आत्मनिर्भर ? हर महीने 100 कार्यकर्ताओं का बदला जायेगा जीवन? किसी को राशन तो किसी को दी जायेगी पेट्रोल वाली जिम्मेदारी ? जैसे ही निकले ये शब्द वैसे ही वर्मा जी ने टेबल पर तीन बार हाथ मारा खुशी में बहुत ही भारी ? कहने वाले ने कहा कि मिशन पूरा तो होने दो साहब ? बस इसी खुशी की वजह से कार्यकर्ताओं की नहीं आ रही है बारी ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें अंदर से पता चली है बात ? अब भुल्लन भैय्या नहीं देंगे दीदार शहर के खम्बो पर ना वो नजर आयेंगे मैट्रो और रैपिड ट्रेन के पिलर पर प्रकट करते हुए शुभकामनाओं वाले विचार ? सुना है ताकतवर मैडम की ओर से मिला है उनको संदेश ? कहने वाले ने कहा कि इस तरह के इस्तहारों से बिगड़ता है शहर का फेस ? पता चला है भुल्लन भैय्या ने दिल की गहराईयों में उतार लिया है मैडम जी का संदेश ? अब वो ऑफिशियल होर्डिंग्स पर देंगे दीदार? ताकी निगम के राजस्व में भी आये बहार ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गुरू जी की रहती है हर बारिकी पर नजर ? कोई भी उनको चकमा नहीं दे सकता ? भले ही इधर से गुजरे या जाये उधर ? कहने वाले ने कहा कि हम थे मेडिसिटी वाले कार्यक्रम के बाहर गेट पर मौजूद ? वहां पर दिखाई दिया सांसद लिखी एक गाड़ी का वजूद ? हम गुरू जी की पकड़ को गये मान ? उन्होंने कहा ये तो पूर्व हो चुके हैं ? फिर वर्तमान वाली क्यों है इनकी गाड़ी पर पहचान ? जब हमने गुरू जी से पूछा सांसद जी का नाम ? अपनी मुस्कुराहट के पीछे वो नाम को छुपा गये श्रीमान ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जीडीए वाले अधिकारी का ईधर हुआ ट्रांसफर और उधर नदियापार के पहलवान ने मैम्बर पहलवान को दे दी बधाई ? कहा इस ट्रांसफर में मेरे भाई की क्रांति है रंग लाई ? फिर इस पोस्ट पर आ गयी किसी के चेहरे पर मुस्कुराहट ? उन्होंने कहा खुश रहने का ख्याल अच्छा है ? अधिकारी का तबादला वीसी से डीएम के पद पर हुआ है ? अब आप खुद ही समझें कि पहलवान का विचार कितना गलत और कितना सच्चा है यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के मंडल में हो गये उस वक्त गजब के हालात ? जब एक भगवा कमिश्नर ने फावड़ा लिये हुए व्यक्ति की फोटो दी मन की बात वाली एप्लिकेशन पर लाद ? फिर सुनाई देने लगे तरह तरह के विचार ? कहने वाले ने कहा कि हमें तो फोटो अपलोड करने में फर्जीफिकेशन का मामला लग रहा था यार ? धीरे धीरे फैल गया इस बात का रायता ? बाद में चीजों को ठीक किया गया समझाकर कायदा ?


▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कार्यशाला में कह दी एक पदाधिकारी ने बड़े पदाधिकारी को अपने दिल की दिल जली बात ? जब बड़े पदाधिकारी ने खड़े किये थे कम संख्या पर कई सवालात ? दिया था सामने वाले को संदेश ? जब सूचना ही नहीं दोगे तो कार्यक्रम में कहां से आयेंगे फेस ? सुना है इसी बात पर बिगड़ गया पूरा केस ? नाराज पदाधिकारी ने कहा हमेशा मारते हो टोंट ? आखिर क्या है हमारा कसूर ? हम कार्यकर्ता हैं नहीं हैं किसी के बंधुआ .... दूर ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पटेल वाले वार्ड में चल रहा है क्या इंटरनल क्रांति वाला सीन ? कहने वाले ने कहा एक वार्ड में लोग बताते हैं वार्ड को पार्षद विहीन ? दूसरे वार्ड में बज रहा है पार्षद हस्बैंड की अति सक्रियता का ढोल ? कहने वाले ने कहा मंडल अध्यक्ष को यहां निभाना चाहिए अपना रोल ? मामले को करना चाहिए सेटल और बात का नहीं बनना चाहिए बैटल?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन

## तड़के 3 बजे ही हिंडन नदी पर पहुंच गई थीं व्रती महिलाएं



**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सूर्य उपासना के महापर्व छठ का मंगलवार को समापन हो गया। उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए तड़के से ही श्रद्धालु गाजियाबाद के विभिन्न घाटों में जुटे। गाजियाबाद में 81 घाटों पर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया। गाजियाबाद में सोमवार से ही छठ पर्व का उल्लास देखने को मिला। आज व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। और इसी के साथ 36 घंटे का उपवास पूरा हुआ। सूर्य उपासना के महापर्व छठ का आज समापन हो गया। उगते सूर्य को ह्यउषा अर्घ्यह्न अर्पित करने के लिए तड़के से ही श्रद्धालु घाटों पर जुटे।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। हिंडन घाट पर व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। सुबह तीन बजे से ही हिंडन घाट पर व्रती महिलाओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। छठ के गीत गाकर व्रती महिलाएं सूर्य का इंतजार करती रहीं। सुबह पांच बजकर 35 मिनट पर सूर्योदय के साथ महिलाओं ने अर्घ्य दिया। इसी के साथ उपवास खत्म हो गया। 36 घंटे तक उपवार रहकर महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया।

हिंडन के अतिरिक्त अलग अलग जगहों पर अस्थायी घाटों पर लाखों व्रती महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह और शाम के समय घाटों पर छठी मइयां के गीतों की गूंज रही। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजकर पूजा सामग्री के साथ घाटों तक पहुंचीं। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों और प्रवासी समुदाय ने मिलकर सामूहिक पूजा का आयोजन किया।

# उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत 12 राज्यों में एसआईआर शुरू, 7 फरवरी तक चलेगी प्रक्रिया



**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** चुनाव आयोग मंगलवार से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआइआर) का काम शुरू कर रहा है। यह प्रक्रिया सात फरवरी तक चलेगी। इस चरण में असम को छोड़कर वे चार राज्य भी शामिल हैं, जहां अगले साल यानी 2026 की शुरूआत में ही विधानसभा चुनाव होने हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका एलान किया। इस मौके पर दोनों चुनाव आयुक्त डॉ. एसएस संधू और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बिहार में सफलतापूर्वक कराए गए एसआइआर और उसके अनुभवों के आधार पर दूसरे चरण के एसआइआर में कुछ गणना फार्म समेत दस्तावेज आदि की जांच के तरीके में थोड़ा बदलाव किया गया है। जिन 12 राज्यों में दूसरे चरण में एसआइआर का काम होने जा रहा है, उनमें मतदाता की संख्या करीब 51 करोड़ है। इनमें सबसे अधिक 15.44 करोड़ मतदाता अकेले उत्तर प्रदेश में है, जबकि बंगाल में 7.66 करोड़, तमिलनाडु में 6.41 करोड़, मध्य प्रदेश में 5.74 करोड़, राजस्थान में 5.48 करोड़ व छत्तीसगढ़ में 2.12 करोड़ मतदाता हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिन 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में एसआइआर की घोषणा की गई है, उन सभी राज्यों की मतदाता सूची में तत्काल प्रभाव से फेरबदल पर रोक लगा दी गई है। आज से इनमें न तो कोई नाम जोड़ा जा सकेगा और न ही हटाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एसआइआर के दौरान प्रत्येक मतदाता को एक यूनिक फॉर्म दिया जाएगा। इसमें पुराना पता, फोटो आदि छपा हुआ होगा। यदि मतदाता उस पते पर नहीं रह रहा है तो वह उसमें संशोधन कर सकता है। आयोग ने इस दौरान मतदाताओं को सुझाव दिया है कि गणना फार्म में अपने रंगीन फोटो लगाएं ताकि जो पहचान पत्र जारी किए जाने हैं, उनमें चेहरे उभरकर सामने आ सकें।

किन-किन राज्यों में चलेगा एसआईआर : उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, राजस्थान, केरल, गुजरात, गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार। इनमें से बंगाल, तमिलनाडु, केरल व पुडुचेरी में अगले साल यानी 2026 की शुरूआत में विधानसभा चुनाव हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, गुजरात, गोवा में 2027 में विधानसभा होने हैं।

# मुस्लिम समाज के साथ भाईचारा कर 2027 विधानसभा चुनाव में उतरेगी बसपा, आज बुलाई है महत्वपूर्ण बैठक




**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** 9 अक्टूबर को पार्टी के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों का शंखनाद करने के बाद बसपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती अब फिर से भाईचारा कमेटियों को मजबूत करने में जुट गई है। इसमें मुस्लिम भाईचारा संगठन पर सबसे ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इसी के तहत बसपा अध्यक्ष ने बुधवार को मुस्लिम भाईचारा कमेटियों के गठन को लेकर बैठक बुलाई है।

यह बैठक पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर होगी। इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलों से प्रमुख मुस्लिम नेता शामिल होंगे। बसपा सूत्रों का कहना है कि 2007 की तरह एक बार फिर से पार्टी सभी समाज के साथ भाईचारा कायम कर चुनाव की रणनीति बनाएगी। इसके लिए पार्टी मुस्लिम मतदाताओं तक अपनी नीति और कार्यक्रम को ले जाएगी पार्टी का मानना है कि सिर्फ दलित वोटो के सहारे सत्ता हासिल नहीं किया जा सकता है। इसके लिए दलित वोटो के साथ ही दूसरे समाज के लोगों को भी साथ लेकर चलना होगा। 2027 विधानसभा चुनाव में पार्टी ओबीसी और मुस्लिम समाज को साथ लेकर चने की रणनीति बनाई है इसके तहत ओबीसी



समाज और मुस्लिम समाज को ज्यादा से ज्यादा टिकट देने की भी योजना है। बसपा नेता शमसुददीन राइन को पार्टी से निष्कासित करने के बाद पहली बार हो रही बैठक में मायावती मुस्लिम नेताओं को संगठन में अहम जिम्मेदारी देंगी। जानकारी के अनुसार, बसपा अध्यक्ष ने मुस्लिम चेहरों को आगे करने की रणनीति बनाई है। इसके तहत कम उम्र के मुस्लिम चेहरों को पार्टी में अहम पद देकर मुस्लिमों तक अपनी बातें पहुंचाई जाएगी। इस बैठक के अलावा 1 नवंबर को बसपा की लखनऊ में पिछड़ों की बैठक बुलाई गई है। मायावती ने मुस्लिम भाईचारा कमेटियों का भी गठन कर दिया है।

मायावती सोशल इंजीनियरिंग की धार को तेज करने में जुटी हैं। दलित, ओबीसी, मुस्लिम भाईचारा कमेटियों का गठन और बैठकें इसी दिशा की ओर संकेत कर रहे हैं। मायावती ने अयोध्या मंडल में मुस्लिम भाईचारा कमेटी का संयोजक मोहम्मद असद को बनाया है। इसी तरह राजधानी लखनऊ में ये जिम्मेदारी सरवर मलिक को सौंपी है। अभी मंडलों में मुस्लिम भाईचारा कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इसके बाद जिले स्तर पर और फिर विधानसभा स्तर पर मुस्लिम भाईचारा कमेटियों का गठन होगा। मायावती अपनी पिछली बैठक में ही स्पष्ट कर चुकी हैं कि जनवरी 2026 से पहले पूरे प्रदेश में विभिन्न समाज के भाईचारा कमेटियों का गठन पूरा कर लिया जाए।

# पार्षद राधेश्याम त्यागी ने मकनपुर तालाब की सफाई कराई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद राधेश्याम त्यागी ने मकनपुर तालाब की सफाई कराई और क्षेत्र के निवासियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि तालाब की सफाई से क्षेत्र के निवासियों को कई फायदे होंगे।

पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा, मकनपुर तालाब की सफाई से क्षेत्र के निवासियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा और जल संचयन भी बढ़ेगा। यह हमारे क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा, हमारे क्षेत्र में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। मकनपुर तालाब की सफाई इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने क्षेत्र के निवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा, हमारे क्षेत्र के निवासियों के सहयोग से ही हम इस तरह के काम कर पा रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आगे भी वे हमारे साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के वार्षिकोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से 7 दिसंबर को कायस्थ सभा का वार्षिकोत्सव आयोजित किया जाएगा। वार्षिकोत्सव की तैयारी को लेकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर आशीष सौरखिया के राजनगर एक्सटेंशन स्थित आवास पर एक बैठक हुई जिसमें वार्षिकोत्सव को लेकर सदस्यों ने अपनी अपनी राय व्यक्त की। बैठक में वार्षिकोत्सव के लिए स्थान समय और विशिष्ट अतिथियों के नाम के लिए समिति का गठन किया गया है। सभा की शुरूआत चंद्रगुप्त के फोटो के सामने दीप जलाकर की गई । सभा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना, कार्यकारी अध्यक्ष डा. आशीष सौरखिया, उपाध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, राजेन्द्र कुमार बिसारिया, महामन्त्री दीपक श्रीवास्तव, उप महामन्त्री, आशुतोष श्रीवास्तव, संगठन मन्त्री एस के भटनागर, शरद वीर कुदेशिया, डी सी श्रीवास्तव, अविनाश सक्सेना, विकल कुलश्रेष्ठ, संदीप सक्सेना, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा पूजा सक्सेना, सन्जू सक्सेना, आस्था सौरखिया, अन्जू सक्सेना, मोनिका श्रीवास्तव, गीतिका श्रीवास्तव, ज्योति सक्सेना, साधना विद्यार्थी, डा. संगीता सक्सेना, समस्त सौरखिया परिवार, के के श्रीवास्तव एवं अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नोएडा में 3 किलो चरस के साथ युवक गिरफ्तार, कीमत 1.5 करोड़, साथी फरार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 3 किलो चरस बरामद किया है। बरामद चरस की कीमत 1.5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसका एक साथी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बताया जाता है कि यह पूर्व में शेयर मार्केट का काम करता था, उसमें घाटा होने के बाद उसने चरस बेचना शुरू कर दिया।

एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास से आज शुभम कुमार पुत्र राकेश कुमार को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से लगभग 1.5 करोड़ कीमत की 3 किलो ड्रग्स (चरस) बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि इसका एक साथी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जनपद मेरठ का रहने वाला है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि पूर्व में यह शेयर मार्केट का काम करता था। उसमें घाटा होने के बाद इसने चरस बेचना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त शुभम द्वारा बताया गया कि वह अपने साथी वैभव के साथ मिलकर पहाड़ी क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में सस्ते दामों पर चरस लाता है तथा उसे दिल्ली-एनसीआर एवं आस-पास के क्षेत्रों में महंगे दामों बेच कर मोटा मुनाफा कमाता है। अभियुक्त शुभम कुमार द्वारा यह भी बताया गया कि वह वैभव के कहने पर पहली बार ड्रग्स (चरस) की सप्लाई करने नोएडा आया था। उन्होंने बताया कि अभियुक्त से मिली जानकारी के आधार पर इसके अन्य साथियों की पुलिस तलाश कर रही है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।